


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-13 सीहोर,सोमवार 24 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# पीएम मोदी करेंगे GIS का शुभारंभ

## देश विदेश के कई उद्योगपति अड़ानी-बिड़ला समेत जुटेंगे



- भोपाल में पहली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन
- 18 हजार प्रतिभागी, 133 अंतरराष्ट्रीय डेलिगेट्स

भोपाल (ए.) । भविष्य के मध्य प्रदेश के लिए सोमवार और मंगलवार के दिन बेहद खास होने वाले हैं। दोनों दिन भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआइएस) में देश के शीर्ष औद्योगिक समूहों के 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी व सीईओ भाग ले रहे हैं। कुल 18 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें 50 से अधिक अन्य देशों के 133 अंतरराष्ट्रीय डेलिगेट्स भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने वाली समिट का उद्घाटन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। वह सुबह 10 बजे 11.15 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे।

### प्रदेश की आठवीं इन्वेस्टर्स समिट

प्रदेश में इसके पहले सात इन्वेस्टर्स समिट हो चुकी हैं, जिसमें आखिरी वर्ष 2023 में इंदौर में हुई थी। भोपाल में यह पहली समिट है, जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद प्रदेश में आकर शुभारंभ कर रहे हैं। कुछ केंद्रीय मंत्री और केंद्र सरकार के अधिकारी भी समिट में वक्ता के रूप में शामिल हो रहे हैं। राज्य सरकार ने लगभग एक वर्ष पहले रीजनल इन्वेस्टर्स समिट शुरू करने के साथ जीआइएस की तैयारी प्रारंभ कर दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु और कोलकाता में निवेशकों के साथ बैठक की।जर्मनी, ब्रिटेन और जापान जाकर रोड-शो किया और निवेशकों से मिलकर निवेश के लिए आमंत्रित किया। सरकार ने निवेशकों के लिए दिल के दरवाजे भी खोल दिए हैं। निवेशकों की सुविधा और लाभ के लिए 18 नीतियां प्रभावी की गई हैं। प्रधानमंत्री इन नीतियों को जारी करेंगे।

इसमें औद्योगिक, खाद्य, निर्यात, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स, जीसीसी, सेमी-कंडक्टर, ड्रोन, पर्यटन, फिल्म निर्माण आदि नीतियां शामिल हैं। इसके जरिए निवेशकों के लिए अनुदान और अन्य लाभ दिए जाएंगे। सरकार को आशा है कि इस जीआइएस में इसके पहले हुई इन्वेस्टर्स समिट के सारे रिकार्ड टूट सकते हैं।दो दिन की समिट में अलग-अलग सत्र होंगे। इसमें आइटी एवं टेक्नोलाजी, ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, एमएसएमई एवं स्टार्टअप्स, खनन और शहरी विकास समिट होंगी।थीमेटिक सत्र में फार्मा, कौशल विकास, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, ग्रीन एनर्जी, को-आपरेटिव, स्टार्टअप्स को लेकर अलग-अलग थीम पर सत्र होंगे। पार्टनर कंट्री सत्र में ग्लोबल साउथ, जापान, जर्मनी, कनाडा, पोलैंड के साथ अलग-अलग सत्र होंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्टेट हेंगर पर पुष्प-गुच्छ भेंटकर अगवानी की।

## श्रीसैलम टनल में फंसे झारखंड के चार कामगार, सीएम बोले- हर पल ले रहे रेस्क्यू की जानकारी

रांची (आरएनएस)। तेलंगाना के श्रीसैलम में निर्माणाधीन टनल की छत का एक हिस्सा ढहने से फंसे आठ लोगों में चार झारखंड के गुमला जिले के रहने वाले हैं। शनिवार को इसकी जानकारी मिलने के बाद चारों मजदूरों के घरों में कोहराम मच गया है। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद स्थानीय प्रशासन के अफसरों ने मजदूरों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया है कि मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन पर राज्य की सरकार की निगाह है। सुरंग में फंसे मजदूरों में गुमला सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली निवासी अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उम्दा नकटी टोली गांव निवासी संदीप साहू शामिल हैं।

## एआई डाउनलोड्स में चीन और अमेरिका से भी आगे निकला भारत : वित्त मंत्री

कोट्टायम (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में इनोवेशन की तेज गति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने में देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत एआई डाउनलोड्स में चीन और अमेरिका से भी आगे निकला गया है। वित्त मंत्री ने आईआईआईटी कोट्टायम के दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला के उस बयान जिक्र किया,



जिसमें उन्होंने भारत को एआई के उपयोग की राजधानी बताया था।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा बयान है क्योंकि इसका मतलब है कि हम सिर्फ एआई के बारे में बात नहीं कर रहे हैं या केवल एआई में शोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम इसे बड़े पैमाने पर लागू कर रहे हैं।भारत द्वारा तेजी से एआई को अपनाने को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि 2024 में देश में एआई से जुड़े हुए 3 अरब ऐप डाउनलोड हुए थे। यह आंकड़ा अमेरिका के 1.5 अरब और चीन के 1.3 अरब से काफी अधिक है।वित्त मंत्री ने आगे कहा कि हम न केवल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने में अग्रणी हैं बल्कि हम यह भी आकार दे रहे हैं कि एआई को कैसे नियंत्रित किया जाए।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री की शादी को लेकर PM मोदी ने कह डाली बड़ी बात

गढ़ा(ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सार्वजनिक मंच से ऐलान किया कि वे ना केवल मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर अस्पताल के उद्घाटन समारोह में आएंगे, बल्कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की बारात में भी शामिल होंगे। मोदी बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मोदी ने हास परिहास करते हुए कहा कि अब तक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ही सबकी 'पर्ची' निकालते आए हैं, पर क्या वे अकेले ही पर्ची निकालेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज बागेश्वर धाम आकर श्री हनुमान ने उन्हें भी आशीर्वाद दे दिया है और इसी के तहत उन्होंने पंडित शास्त्री की माता जी की मनोकामना की पर्ची निकाली है और उनके मन की बात को सबके सामने लेकर आए हैं।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार, पांच नौकाएं की जब्त

नई दिल्ली (आरएनएस)। श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।अधिकारियों के द्वारा मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं भी जब्त की गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान में कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में एक विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया कि मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया। नौसेना ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं को तलाईमन्नार पियर लाया गया, जहां उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान के मुताबिक, नौसेना ने इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली 18 नौकाओं को जब्त किया है।

## महाकुंभः डीडीयू रेलवे स्टेशन श्रद्धालुओं की भीड़ से भरा, ट्रेनों में नहीं मिल रही जगह



प्रयागराज,(ए)। प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं तो वहीं बड़ी संख्या में स्नान कर दूसरे लौट रहे हैं। रविवार को सुबह 9 बजे तक कुल 31.70 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई. जबकि अब तक कुल 60.74 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। जिसके चलते रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ है। आलम यह है कि श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा स्टेशन खचाखच भरा है लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसा ही एक वीडियो चंदौली जिले के दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन का सामने आया है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर प्रयागराज से लौट रहे हैं और यहां बिहार समेत अन्य राज्यों के लिए ट्रेन पकड़ रहे हैं।

दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर इतनी ज्यादा भीड़ है कि ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं है। इसके बावजूद लोग किसी तरह ट्रेन में चढ़कर यात्रा कर रहे हैं। बिहार झारखंड और उड़ीसा की तरफ जाने वाले यात्री सबसे ज्यादा बेहाल हैं। बिहार के सासाराम जाने वाली ट्रेन में एक महिला भीड़ के चलते ट्रेन में नहीं चढ़ पाई। महिला ने कहा कि ट्रेन में बहुत ज्यादा भीड़ है। हम महाकुंभ में स्नान कर बिहार के सासाराम जा रहे हैं, लेकिन ट्रेन में चढ़ने तक की जगह नहीं है। जिसके चलते ट्रेन छूट गई। अब दूसरी ट्रेन से यात्रा करेंगी। वहीं, यहां से पश्चिम बंगाल के सियालदह जाने वाली ट्रेन भी जबरदस्त भीड़ है। इस ट्रेन के एसी से लेकर जनरल कोच तक सभी यात्री से भरे पड़े हैं।

## खंडवा में बोलेरो और ट्रक की टक्कर में चार की मौत

खंडवा(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में बोलेरो और ट्रक के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई है, वहीं चार अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार धनगांव थाना क्षेत्र के सुलगांव के पास पुनासा रोड में एक बोलेरो की ट्रक से टक्कर हो गई। इस बोलेरो में सवार लोग एक महिला को उपचार के लिए सनावद अस्पताल ले जा रहे थे। इस महिला ने पारिवारिक विवाद या अन्य किसी कारण से जहर खा लिया था। इसी दौरान बोलेरो की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार चार लोगों की मौत हुई है जबकि चार अन्य लोग घायल हुए हैं।पुलिस के अनुसार यह टक्कर इतनी भयानक थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे तक उड़ गए। इस हादसे का शिकार हुए लोगों को काफी मशक्कत के बाद बोलेरो से बाहर निकाला गया। इस हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग जमा हो गए और उन्होंने घायलों की मदद के लिए हर संभव कोशिश की।

## हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश औद्योगिक भारत के मानचित्र पर भी केन्द्र-बिन्दु : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) । दुनिया आज नए औद्योगिक युग में प्रवेश कर रही है। वैश्विक निवेशक स्थिरता, व्यापार की सुगमता और टर्न ओवर एवं प्रोफिटेबिलिटी में दीर्घकालिक वृद्धि की तलाश में हैं। इन परिस्थितियों में भोपाल में आयोजित हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2025 मध्यप्रदेश को इस बदलाव नेतृत्व-कर्ता के रूप में उदित होने के लिये स्वर्णिम अवसर है। इस आयोजन की सफलता से भारत का हृदय प्रदेश राष्ट्रीय ही नहीं वैश्विक औद्योगिक निवेशों का नया केंद्र बन कर उभर रहा है।ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 मध्यप्रदेश को भारत के औद्योगिक हृदय-स्थल और वैश्विक निवेश की धुरी बनने का ऐतिहासिक अवसर है। यह वह मंच होगा जहाँ मध्यप्रदेश अपनी ताकत, नीतियों और निवेश के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगा। वैश्विक निवेशक तीन बातों को प्राथमिकता देता है, स्थान, नीति और मूलभूत सुविधाएँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने की मुहिम में जुटे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व ने प्रदेश को इन सभी मानकों पर खरा उतरने के योग्य बन दिया है। उद्योगों के विकास के लिए फास्ट-ट्रैक मंजूरी, सिंगल-विंडो क्लियरेंस और उद्योग-हितैषी नीतियाँ निवेशकों को समय और लागत दोनों में लाभ पहुंचाने में सक्षम रणनीतियों से सरकार ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है



राज्य में विकसित हो रहे औद्योगिक गलियारे, लॉजिस्टिक्स पार्क और स्मार्ट शहर इसे भारत का निवेश-आकर्षण बना रहे हैं। देश के केंद्र में स्थित होने के कारण यहाँ से भारत ही नहीं दुनिया भर के बड़े उपभोक्ता बाजारों तक आसानी से पहुँचा जा सकता है।मध्यप्रदेश अब विनिर्माण क्षेत्र में भारत के सबसे महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक बनकर उभर रहा है। सरकार द्वारा दी जा रही रियायतें और प्रोत्साहन इस दिशा में निवेशकों का भरोसा मज़बूत कर रहे हैं। पूँजीगत सब्सिडी, स्टांप शुल्क में छूट और औद्योगिक पार्कों में तैयार मूलभूत इन्फ्रास्ट्रक्चर उद्योगों को तेज़ी से स्थापित और विस्तारित करने में सहायता कर रहे हैं।

## भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया, विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक जड़ा

दुबई (ए.)। भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई थी। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान विराट को शतक नहीं बनाने देने की साजिश रच रहा है। शाहीन वाइड पर वाइड फेंक रहे थे। 43वें ओवर में भारत को जीत के लिए चार रन और कोहली को शतक के लिए पांच रन चाहिए थे। 43वें ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने एक रन लिया। फिर अगली गेंद पर अक्षर ने एक रन लिया। तीसरी गेंद पर विराट ने चौका लगाकर शतक भी पूरा किया और भारत को जीत भी दिलाई। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अब दो मैच जीत लिए हैं और सेमीफाइनल में पहुंचना का दावा मजबूत कर लिया है। वहीं,



पाकिस्तान की टीम लगभग चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई है। उसे अब अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। भारत के दो मैचों के बाद चार अंक हैं, जबकि पाकिस्तान दो मैचों में खाता नहीं खोल सका है।

भारत को 223 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। शाहीन अफरीदी ने हार्दिक पांड्या को विकेटकीपर रिजवान के हाथों कैच कराया। वह आठ रन बना सके। भारत को 60 गेंद में 19 रन की जरूरत है। विराट कोहली को शतक बनाने के लिए 14 रन की जरूरत है। उनके साथ अक्षर पटेल क्रीज पर हैं। भारत को 214 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने कोहली के साथ 114 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल कोहली और हार्दिक क्रीज पर हैं। कोहली 51वें शतक के करीब हैं। भारत को जीत के लिए 20 रन चाहिए और कोहली को शतक के लिए 15 रन चाहिए।37 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 201 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 81 रन और श्रेयस अय्यर 50 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को जीत के लिए 78 गेंद पर 41 रन की जरूरत है। श्रेयस ने वनडे करियर का 21वां अर्धशतक लगाया।

## हिमाचल प्रदेश में आया 3.7 तीव्रता वाला भूकंप, लोग घरों से आए बाहर

शिमला,(ए)। हिमाचल प्रदेश की धरती रविवार सुबह कांप गई। हिमाचल के मंडी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। कुछ दिन पहले दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, तब तो लोग डरकर घर से बाहर निकल आए थे। अभी तक किसी जान माल की हानि की खबर नहीं है।हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई और इसका केंद्र सुंदरनगर के किआरगी क्षेत्र में स्थित था। भूकंप के झटके सुबह 8 बजकर 42 मिनट पर आए जिनकी गहराई करीब 5 किलोमीटर थी। धरती के कांपते ही कुछ लोग डर से घरों से बाहर निकल आए, हालांकि इसकी तीव्रता कम होने के कारण अधिकतर लोगों को इसका आभास नहीं हुआ।हिमाचल प्रदेश का चंबा, शिमला, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, कांगड़ा, किन्नौर और मंडी जिले भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन-5 में आते हैं, जहां अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। बता दें 1905 में कांगड़ा में आए भूकंप को हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे विनाशकारी भूकंप माना जाता है।







# जीआईएस के दौरान पर्यटन में निवेश की संभावनाओं के लिये खुलेंगे नए द्वार

## टूरिज्म समिट में शामिल होंगे अभिनेता पंकज त्रिपाठी, केंद्रीय पर्यटन मंत्री, सचिव सहित कई नामचीन हस्तियां

भोपाल (ए.)। ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के दौरान पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिये संभावनाएं के नए द्वार खुलेंगे। आयोजन के दूसरे दिन 25 फरवरी को फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश के निर्माण में पर्यटन और संस्कृति के योगदान और अवसरों पर एक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसमें माननीय केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत, सचिव, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार सुश्री वी विद्यावति, प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला, इतिहासकार पद्मश्री के.के. मोहम्मद, अध्यक्ष, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री अजीत बजाज, अभिनेता पंकज त्रिपाठी, कार्यकारी उपाध्यक्ष इंडियन होटल्स कंपनी लि. रोहित खोसला, हेड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स एंड कॉर्पोरेट एफेयर्स मेक माई ट्रिप समीर बजाज, निदेशक जेहनुमा होटल्स अलि राशिद, अभिनेता विजय विक्रम सिंह अपने विचार व्यक्त करेंगे।

पर्यटन अधोसंरचनाओं का विकास हो या फिर पर्यटकों की सुविधाओं में विस्तार, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने विभिन्न स्तर पर तैयारियां की है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं में कुल 1000 हेक्टेयर से अधिक भूमि चिह्नित की है। निवेशकों को इन स्थानों पर होटल, रिसोर्ट, गोल्फ कोर्स, वे-साइड एमिनिटिज इत्यादि परियोजनाएं शुरू करने पर नई पर्यटन नीति के तहत प्रोत्साहन दिया जाएगा।



**रोप-वे से लेकर क्रूज में निवेश का अवसर**

पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) परियोजनाओं में हनुवंतिया, मांडू, ओरछा, अमरकंटक सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर टेंट सिटीज, कारवां पर्यटन, रोपवे, गोल्फ कोर्स और स्टैचू ऑफ वननेस (ओंकारेश्वर) और स्टैचू ऑफ यूनिटी (केवड़िया, गुजरात) को जोड़ने वाले क्रूज पर्यटन के लिए निवेश के अवसर उपलब्ध है।

**पर्यटन नीति और फिल्म पर्यटन नीति में निवेशकों को विशेष लाभ**

पर्यटन नीति और फिल्म पर्यटन नीति में निवेशकों को विशेष लाभ दिया जाने का प्रावधान किया गया है। फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए पारदर्शी, समय सीमा के अंतर्गत दी जाने वाली ऑनलाइन सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है और जनजातीय भाषाओं जैसे मालवी, बुंदेलखंडी, आदि में फिल्में बनाने के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा, जिससे राज्य की सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा मिलेगा। बच्चों के सिनेमा और महिला केंद्रित फिल्मों को भी विशेष अनुदान दिया जाएगा, जिससे स्वस्थ मनोरंजन और महिलाओं के मुद्दों पर आधारित कहानियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक व्यक्तित्वों पर आधारित फिल्मों के लिए भी अतिरिक्त अनुदान का प्रावधान है, ताकि राज्य की समृद्ध विरासत को सिनेमा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा सके। क्षेत्रीय भाषाओं, जैसे मराठी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे सिनेमा में विविधता बढ़ेगी और इन प्रदेशों में मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों का प्रचार होगा। स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए अतिरिक्त अनुदान का प्रावधान है, जिससे स्थानीय फिल्म उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। शॉर्ट फिल्मों के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाएगी, जो स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा और सिनेमा में रचनात्मकता को बढ़ावा देगा। कुल मिलाकर, यह नीति फिल्म निर्माण को सुगम बनाने, सांस्कृतिक विविधता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई है। मध्य प्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देना, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना, तथा फिल्म निर्माण संबंधी आधारभूत ढांचे में निवेश आकर्षित करना है। नई नीति में वित्तीय अनुदान को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया गया है।

## पानी के लिए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

सागर (आरएनएस)। पानी की समस्या से जूझ रहे ग्राम समनापुर के रहवासियों ने शनिवार को केसली-समनापुर मार्ग पर करीब एक घंटे चक्का जाम कर दिया। महिलाओं और बच्चों समेत ग्रामीण सड़क पर बैठ गए और प्रशासन से गांव में पानी उपलब्ध कराने की मांग की। केसली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइश देकर चक्काजाम खत्म कराया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पिछले करीब एक महीने से नल-जल योजना बंद है। हैंडपंप भी खराब पड़े हैं, जिससे गांव में जलसंकट गहरा गया है। नल-जल योजना बंद होने की शिकायत सचिव से की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव की महिलाओं को मजबूरन गांव के पास से निकली नहर से पानी भरना पड़ रहा है। नहर का पानी दूषित होने के कारण बच्चों की तबीयत खराब हो रही है। महिलाओं को घर के कामकाज के बाद पानी भरने के लिए भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे फिर से चक्का जाम करेंगे।

## युवती को डिजिटल अरेस्ट की कोशिश

भोपाल (आरएनएस)। कोलार में रहने वाली युवती को डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश की गई। साइबर जालसालों ने कॉल कर उसे बताया कि आपके अकांउट का इस्तेमाल मनी लान्ड्रिंग में किया जा रहा है। आपके आधार नंबर का इस्तेमाल एक कोरियर भेजने के लिए किया गया, जिसे दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया। युवती ने जब दिल्ली में उनका कोई अकाउंट होने और किसी भी पार्सल की जानकारी होने से इनकार किया तो उसे जेल भेजने की धमकी देने लगे। वीडियो कॉल पर उसे फर्जी साइबर थाना दिखाया और ऑनलाइन निगरानी का दबाव बनाया। तब पीड़िता ने पिता को जानकारी दी। पिता ने पुलिस को बुलाया तो साइबर ठग कॉल डिस्कनेक्ट कर भाग गए। थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि प्रिया सक्सेना (28) ने एमबीए किया है। एमपी नगर की एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करती हैं। उनके पिता गोपाल सक्सेना पुलिस विभाग के रिटायर्ड प्रधान आरक्षक हैं। प्रिया परिवार के साथ अवंतिका अपार्टमेंट कोलार में रहती हैं। शनिवार दोपहर 2 बजे उनके पिता ने कॉल कर थाने में जानकारी दी कि अज्ञात नंबरों से कॉल कर उनकी बेटी को डिजिटल अरेस्ट किए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। युवती के नाम से फर्जी अकाउंट खोलकर मनी लॉन्ड्रिंग किए जाने और ड्रग तस्करी किए जाने की बात कही जा रही है। मदद के नाम पर आरोपी उसे ऑनलाइन निगरानी में रहने का दबाव बना रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। सामने वर्दी में खड़ी असली पुलिस को देखने के बाद नकली पुलिस के जवानों ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।कोलार पुलिस मामले की जांच कर रही है। कॉल करने वाले नंबर का आईपी एड्रेस ट्रेस किया जा रहा है। जिससे आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सके। आरोपियों ने लड़की को असली पुलिस होने का भरोसा दिलाने वर्दी में एक युवक को अपना अधिकारी बताकर बैठाया था। पीछे साइबर क्राइम दिल्ली पुलिस का बोर्ड भी लगा रखा था।युवती को भरोसे में लेने के लिए आरोपियों ने दिल्ली की कनॉट पैलेस की एचडीएफसी बैंक की ब्रांच में उनका खाता होने की बात कही। इसी के साथ कुछ दस्तावेज वीडियो कॉल पर दिखाए, जिससे भरोसा हो जाए कि उनके नाम का फर्जी अकाउंट चल रहा है। आरोपियों ने सुबह 12 बजे पहले वाइस कॉल किया था।

## हत्या के आरोपी ने थाने में खुद को आग लगाई,आग बुझाने में 4 पुलिसकर्मियों के हाथ झुलसे

रतलाम (आरएनएस)। हत्या के आरोपी ने थाने के अंदर खुद को आग लगा ली। आग बुझाने में 4 पुलिसकर्मियों के हाथ झुलस गए। युवक को अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर कर दिया है। घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे की है। अजय पंवार (35) नशे की हालत में डीडी नगर पुलिस थाने में पहुंचा। वह बाहर से ही खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आया था। अजय कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाने लगा। पुलिसकर्मी उसे समझा रहे थे तभी शोर-शराबा करते हुए उसने माचिस जला कर खुद को आग लगा ली। वह 50 प्रतिशत तक झुलस गया। आग बुझाने में हेड कॉन्स्टेबल राजेंद्र मेवाड़ा, कॉन्स्टेबल राकेश, एएसआई मुरली मकवाना और पुलिसकर्मी जगदीश के हाथ झुलस गए। एसपी अमित कुमार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## रेत से भरे डंपर से टकराया तेज रफ्तार कंटेनर, केबिन में फंसा चालक, कड़ी मशक्कत कर निकाला बाहर

मुरैना (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी बीच मुरैना से फिर एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां रेत से भरे डंपर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर घुस गया। इस हादसे में कंटेनर का चालक केबिन के अंदर फंस गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 44 स्थित ओवर ब्रिज के पास की है। जहां तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर रेत से भरे डंपर के पीछे घुस गया। इस हादसे



में कंटेनर का चालक केबिन के अंदर फंस गया। हादसे के बाद कंटेनर आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके चलते आधे घंटे तक नेशनल हाईवे 44 पर जाम लगा रहा, जिससे काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा।

घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद कंटेनर चालक को घायल अवस्था में केबिन से बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं कंटेनर में आग लगने की संभावना को देखते हुए फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पानी का छिड़काव किया, ताकि आग लगने से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को आईटीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं सीआईआई के प्रेसिडेंट संजीव पुरी और अन्य पदाधिकारियों ने समत्व भवन में सौजन्य भेंट की।

## त्रिमूला इंडस्ट्री में सुरक्षा गार्ड ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस



सिंगरौली (आरएनएस)। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदवाली के समीप त्रिमूला इंडस्ट्री में बीती रात एक 22 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर मृतक के परिजनों का आरोप है कि हरिशंकर आत्महत्या नहीं किया है। बल्कि उसकी हत्या की गई है। इसकी निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार त्रिमूला इंडस्ट्रीज में बतौर सिक्योरिटी गार्ड लगे हरिशंकर सिंह पिता छोटे सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी पथरगढ़ी गुलरिया थाना चितरंगी बीते शुक्रवार-शनिवार की दरयानी रात कंपनी में रात्रि पाली की ड्यूटी में तैनात था। जिसने अपने गार्ड रूम में देर रात फांसी लगा ली। उसके सहकर्मियों ने रात करीब 2 बजे जब गार्ड रूम का मंजर देखा तो वह आवाक रह गए। इसकी सूचना उन्होंने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बरगवां थाने में दी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद निरीक्षक राकेश साहू ने टीम गठित कर पुलिस कर्मियों को घटना स्थल भेजा। जिनके द्वारा घटनास्थल का परीक्षण कर शव का पंचनामा तैयार किया गया। वही शनिवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। फिलहाल इस घटना पर निरीक्षक राकेश साहू ने बताया कि मृतक द्वारा फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का सही अंदाजा लग सकेगा।

## फिर शुरू हुआ ठंड हवाओं का दौर, कई शहरों में लुढका पारा, जानिए कब-तक ओढ़नी पड़ेगी रजाई ?



भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में तापमान की गिरावट की वजह से ठंड बढ़ने लगी है। ठण्ड़ी हवा ने कई शहरों में ठिठुरन बढ़ा दी है। शनिवार-रविवार रात ग्वालियर और भोपाल संभाग में करीब 3 डिग्री तक पारा लुढ़का है। वहीं आगामी दिनों में भी ठंड रहने की संभावना है।मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में 3 डिग्री की गिरावट के बाद तापमान 12 डिग्री पर आ गया। ग्वालियर में 14.7 डिग्री, इंदौर में 16 डिग्री, उज्जैन में 13 डिग्री और जबलपुर में पारा 14.2 डिग्री रहा। धार, गुना, खरगोन, रतलाम, राजगढ़, मंडला, रीवा, सागर, सिवनी, टीकमगढ़ और बालाघाट में भी पारे में गिरावट देखने को मिली।

बताया जा रहा है कि उत्तर भारत के आसपास बने पश्चिमी विक्षोभ के खत्म होने और मौसम को प्रभावित करने वाली कोई मौसम प्रणाली सक्रिय न होने की वजह से हवाएं चल रही हैं। हवाओं के रुख के पश्चिमी एवं उत्तर-पश्चिमी बनने के कारण अभी दो दिन तक रात में हल्की ठंडक बने रहने के आसार नजर आ रहे हैं। कुछ दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक बार फिर तापमान में वृद्धि हो सकती है।

## टेलीग्राम पर बोर्ड परीक्षा के फर्जी पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। टेलीग्राम एप में एमपी बोर्ड परीक्षा 2025 का पर्चा लीक करने का झांसा देकर छात्रों से ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जालसाज परीक्षा से 10 घंटे पहले पर्चा देने का झांसा देकर छात्रों से एक से दो हजार रुपए तक ठगा करता था। आरोपी एक गेसिंग पेपर को टेलीग्राम में बने ग्रुप में वायरल करने वाला था। इससे पहले ही पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया।एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि, आरोपी शिवम यादव पुत्र अरविंद सिंह यादव (19) निवासी- मानसी गंगा होटल के पास इटावा रोड दीनपुरा भिंड 12वीं फेल है और पढ़ाई छोड़ चुका है। उसने टेलीग्राम पर 3 ग्रुप बनाए थे, जिसमें छात्रों को जोड़ा जा रहा था। इन ग्रुप को साइबर क्राइम ने चिह्नित किया है। हालांकि आरोपी ने ट्रेस होने के डर से हाल ही में तीनों ग्रुप को डिलीट भी कर दिया था।आरोपी ने पूछताछ में बताया कि गेसिंग पेपर को असली पेपर बताकर ग्रुप पर लीक करने का प्लान था।

## ईव्हीएम मशीनों का भौतिक सत्यापन 24 फरवरी को

दतिया (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार माकिन ने आदेश जारी का ईव्हीएम मशीनों का प्रथम भौतिक सत्यापन पुरानी कलेक्ट्रेट सिविल लाईन दतिया में स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस खोलकर 24 फरवरी 2025 को प्रात: 10 बजे किया जाएगा। जिसके उपरांत ईव्हीएम की क्वालिटी जांच मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से प्रतिदिन समिति के सदस्यों के प्रर्यवेक्षण में किया जाना है। जिसमें वर्किंग, नान वर्किंग, क्लॉक ऐरर मशीनों की रिपोर्ट ऑनलाईन/ऑफलाईन दर्ज होगी। इस हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। जिसमें सदस्य के रूप में जिला कोषालय अधिकारी दतिया, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं वेयर हाउस प्रभारी, प्रबंधक ई-गवर्नेंस दतिया, एसएलआर दतिया होंगे।

## घटिया निर्माण कार्य पर ठेकेदार को नोटिस

विदिशा (आरएनएस)। विधायक मुकेश टंडन ने शनिवार को 'आपके विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत वार्ड क्रमांक-15 का दौरा किया। बजरिया से बरूईपुरा तक बिछाई गई पानी की पाइपलाइन के रेस्टोरेशन कार्य में गुणवत्ता की कमी पाई गई। ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य में एमसेंट की खराब मिलावट की शिकायत मिली। इस पर विधायक ने सब इंजीनियर रामप्रकाश जायसवाल को ठेकेदार को नोटिस जारी कर काम दोबारा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रीठा फाटक की क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत, नाले की सफाई और पास की गली में दो बिजली के खंभे लगाने के आदेश दिए गए। स्थानीय मांग पर नाली में 9 इंच का पाइप डालने, स्टार अकेडमी स्कूल के पास सड़क निर्माण और जेल मंदिर पर हैंडपंप लगाने के निर्देश भी दिए गए। गली नंबर-1 के रहवासियों ने निजी सफाई कर्मचारी छाया बोहत की शिकायत की। वह प्रति घर 50 रुपए की मांग करती है और भुगतान न करने पर कचरा नहीं उठाती। साथ ही नगर पालिका कर्मचारियों को काम नहीं करने देती है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, बेत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री मौजूद रहे।

## निगम ने हटाये शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमण-ठेले, काउंटर, पान पार्लर, सिलेंडर आदि किये जप्त

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बना चबूतरा व शेड एवं अवैध रूप से लगाई गई अस्थाई दुकानों, गन्ने की चरखी, अवैध रूप से खड़े दो पहिया व चार पहिया वाहन सहित अन्य प्रकार के अतिक्रमणों को हटाया और बड़ी संख्या में ठेले, काउंटर, पान पार्लर, सिलेंडर, लूज बर्तन, कांटे-बांट, स्टूल आदि जप्त किये।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को



शाहपुरा लेक, बागसेवनिया, शाहजहांनाबाद, अवधपुरी, रॉयल मार्केट, आईटीआई, जहांगीराबाद, संगम टॉकीज, बोगदापुल, बांसखेड़ी, 11 मील, कोलार डी मार्ट, बीमा कुंज, न्यू मार्केट, पंचानन बिल्डिंग, श्यामला हिल्स, लिंक रोड नं. 01, 02, 03, टी.टी.नगर दशहरा मैदान, नेहरू नगर, माता मंदिर, टी.टी.नगर, पीरगेट, चौक बाजार, जुमेराती गेट, इकबाल मैदान, इंद्रपुरी आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने उपरोक्त क्षेत्रों में अवैध रूप से बनें चबूतरे एवं शेड को हटाने के साथ ही चिकन, कपड़ा, बर्तन आदि के व्यवसायियों द्वारा लगाई गई अस्थाई दुकानों व गन्ने की चरखी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से खड़े दो पहिया, चार पहिया वाहन आदि को हटाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 17 ठेले, 76 कैरेड, 05 कांटे बांट, 03 टेबिल, 01 फूड स्टैण्ड, 01 पान पार्लर, 01 काउंटर, 01 सिलेंडर आदि सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। निगम अमले ने पुन: अतिक्रमण न करने की समझाइश दी और चेतावनी भी दी यदि पुन: अतिक्रमण किया पाया जाता है तो और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## स्पा सेंटर पर छापामार कार्रवाई, आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए पांच जोड़े युवक-युवतियां

सीधी (आरएनएस)। सीधी में स्पा सेंटर पर छापामार कार्रवाई में आपत्तिजनक हालत में युवक-युवतियां पकड़े गए है। स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार चल रहा था। यह जमोडी थाना पुलिस की कार्रवाई बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नाग मंदिर के पास 2 रशियन लड़कियों के दिख जाने के बाद ऐसा बवाल मचा कि पुलिस तक खबर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने इलाके के द थाई स्पा सेंटर पर छापा मार दिया और यहां संदिग्ध हालत में 5 युवतियों और 5 युवकों को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि स्पा सेंटर के नाम पर यहां देह व्यापार संचालित किया जा रहा था। एसपी सीधी रविंद्र कुमार के अनुसार हमें सूचना मिली थी और इस पर डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम बनाकर छापा मारा और कुछ लोगों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पुलिस एक्शन में पकड़ी गईं सभी युवतियां एमपी के बाहरी राज्यों की हैं। इन सभी से पूछताछ की जा रही है और इस पूरे रैकेट की जानकारी निकाली जा रही है। पुलिस की छानबीन में कई आपत्तिजनक सामग्री भी सेंटर से बरामद हुई है। पुलिस सूत्रों ने दावा किया है कि 2 रशियन लड़कियों के नाग मंदिर इलाके में देखे जाने और उनकी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस मुखबिर ने द थाई स्पा सेंटर की जानकारी दी। मुखबिर ने बताया कि स्पा सेंटर में देह व्यापार हो रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने स्पा सेंटर पर महिला पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में छापा मार कार्रवाई की है।

## आरएसएस का घोष-दल के साथ पथ संचलन निकला

दतिया (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का तीन दिवसीय युवा वर्ग दतिया के पीजी कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 23 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान शनिवार शाम 4 बजे एक विशेष पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन किला परिसर से शुरू हुआ। संघ के कार्यकर्ताओं ने घोष-दल के साथ दारूगर की पुलिया, तिगैलिया और टाउन हॉल का मार्ग तय किया। मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर संघ के कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस पथ संचलन में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD. | CII Confederation of Indian Industry | EY Shape the future with confidence

# अनंत संभावनाओं की भूमि मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष - 2025

औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दृढ़ प्रतिबद्धता से मध्यप्रदेश में निवेश का मजबूत ईको सिस्टम विकसित हुआ है। अपनी निवेशक अनुकूल नीतियों एवं 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन 30 डेज़', एकल खिड़की व्यवस्था, ईज़ ऑफ डूईंग बिज़नेस में अग्रणी एवं अपार संसाधनों के साथ प्रदेश निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

## कार्यक्रम

### 24 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:30 | पंजीयन |
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 11:45–सायं 6:30 | टेक इन्वेस्ट – समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:45–दोपहर 2:00 | नवीनीकृत मध्यप्रदेश – समिट हॉल 2 |
| दोपहर 3:15 - सायं 7:00 | फीडर सोलराइजेशन समिट : 2000 मेगावॉट कुसुम सी की प्रीबिड – समिट हॉल 2 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 11:45 –दोपहर 12:45 | ग्लोबल साउथ पर सेशन – कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:45–1:45 | जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों पर सत्र – कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:30 | जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र - कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 11:45–दोपहर 12:45 | मॉलिक्यूल टू मशीन (फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस)- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 1:15–2:15 | इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन कैपिटल (स्किल डेवलपमेंट) - सेशन हॉल 1 |
| सायं 4:30–5:30 | सड़क निर्माण के बुनियादी ढांचे में गति लाना : निवेश, नवाचार और संभावनाएं - सेशन हॉल 3 |
| | **सीआईआई मीटिंग** |
| दोपहर 2:00-3:00 | महिला उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप्स के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर सीआईआई आईडब्ल्यूएन सत्र - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:00–सायं 4:00 | सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 4:00–5:00 | सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई काउंसिल मीटिंग - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 5:00-7:00 | द विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:00 | एमओयू सेशन – सेशन हॉल 3 |

### 25 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 9:30–11:15 | मध्यप्रदेश प्रवासी समिट- समिट हॉल 2 |
| प्रातः 10:30–दोपहर 12:30 | पर्यटन समिट- समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 1:30 | माइनिंग समिट- समिट हॉल 2 |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिट – मुख्य हॉल |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | शहरी विकास समिट- समिट हॉल 1 |
| | **प्री-बिड सेशन** |
| प्रातः 10:00–11:30 | मुरैना सोलर- बीईएसएस प्रोजेक्ट– सेशन हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 12:00 | मुरैना यूपी-एमपी कॉम्प्लिमेन्टैरिटी प्रोजेक्ट- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 12:00–2:00 | रुफटॉप सोलर (RESCO)- सेशन हॉल 1 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | कनाडा राउन्ड टेबल- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:00–1:00 | बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र- कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 2:30–3:30 | पोलैंड कन्ट्री सेशन- कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | नए युग का आरंभ (वस्त्र एवं परिधान)- सेशन हॉल 2 |
| प्रातः 11:00–दोपहर 12:30 | फ्यूचर फ्रंटियर्स- एमपी स्टार्टअप पिचिंग सेशन- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 12:00–1:00 | सीड टू शेल्फ (खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी)- सेशन हॉल 2 |
| दोपहर 12:30–1:30 | थीमेटिक सेशन (को-ऑपरेटिव)- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 2:30–3:30 | ग्रीन हाइड्रोजन- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 2:00–3:00 | लॉजिस्टिक्स: दुनिया से जुड़ता मध्यप्रदेश- सेशन हॉल 2 |
| | **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश समापन सत्र** |
| सायं 4:30–6:00 | ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - मुख्य हॉल |

## फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य और डेयरी प्रसंस्करण
- ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स
- टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस और हेल्थ केयर
- आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम
- नवीकरणीय ऊर्जा
- लॉजिस्टिक्स एवं भंडारण
- प्राकृतिक गैस एवं पेट्रो रसायन
- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माइनिंग
- कौशल निर्माण
- शहरी विकास

अधिक जानकारी के लिये
invest.mp.gov.in

## मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फेब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

D-11195/24

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

### रुस युक्रेन युद्ध का परोक्ष रूप से जनक अमेरिका

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणा के अनुसार कार्यकाल की शुरुआत में ही रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने तथा शांति वार्ता आयोजित करने के संबंध में पहल की है। एक पक्ष यह है कि इस पहल को महज दिखावा ही माना जायेगा क्योंकि रूस युक्रेन युद्ध का परोक्ष रूप से जनक अमेरिका ही है और आज शांति वार्ता को जमीन पर उतरने के लिए रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत कर रहे हैं गत मंगलवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिका और रूस के विदेश मंत्री शांति वार्ता का प्रारूप तैयार करने के लिए मुलाकात कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप का यूक्रेन के संबंध में उठाया गया यह कदम अमेरिका की पुरानी नीति से एकदम अलग है और इसमें यूरोप के साथ गहराते मतभेदों के संकेत हैं क्योंकि इस युद्ध में यूक्रेन ने बहुत तबाही मोल ली है। इसलिए इसे रुकना ही चाहिए। बाइडन ने पुतिन को हत्यारा तानाशाह' कहा था और युद्ध को भड़कने का आरोप लगाया था। दूसरी ओर यूरोपीय नेताओं ने सोमवार को पेरिस में आपातकालीन बैठक कर यूक्रेन मुद्दे पर एक संयुक्त मोर्चा बनाने पर चर्चा की। वास्तव में ट्रंप की यूक्रेन पर बवंडर नीति ने यूरोप और स्वयं यूक्रेन के सामने हाशिये पर जाने का खतरा पैदा कर दिया है। यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की को सऊदी अरब में आयोजित शांति वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया है। नतीजतन शांति वार्ता की सफलता संदिग्ध है।

जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय देश रूस के साथ अपने विरोधपूर्ण संबंधों के कारण उसके आगे समर्पण करना नहीं चाहते। यूरोपीय देश यूक्रेन को हारता देखना नहीं चाहते, लेकिन उन्हें यह समझ में क्यों नहीं आता कि अपनी थोड़ी सी सहायता के बल पर यूक्रेन को युद्ध में झोंके रखना वस्तुत: कीव को विनाश के कगार पर पहुंचाना है। इस सबके लिये जिम्मेदारों की भत्सर्ना की जानी चाहिए।

अमेरिका में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक पद पर तुलसी गबार्ड की नियुक्ति पर मोहर लगने के बाद यूरोपीय देशों की चिंता और बढ़ गई है, क्योंकि उन्हें युद्ध विरोधी नेता माना जाता है। भारत शुरू से युद्ध समाप्त करने के पक्ष में खड़ा रहा है। भारत रूस को अपना विसनीय सहयोगी मानता है और वह किसी भी ऐसे कदम का स्वागत करेगा जो चीन और उसके गहराते संबंधों पर लगाम लगाए।



केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर में भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया.

# मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास के स्वर्ण युग का सुप्रभात

**संपतिया उइके**

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित ऐतिहासिक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट डॉ. मुख्यमंत्री मोहन यादव के उस शुभ संकल्प का सुखद प्रतिफल है जो आज से सवा साल पूर्व पहली बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन होने के तत्काल बाद उन्होंने लिया था। मुझे याद है कि मुख्यमंत्री के उस संकल्प को बहुत गंभीरता से नहीं लिया गया। परंतु, राजधानी भोपाल में आयोजित हो रही भव्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इस बात की परिचायक है कि मध्यप्रदेश को देश के प्रगतिशील राज्यों की कतार में अग्रणी स्थान का अधिकारी बनाने के लिए कृत-संकल्प मुख्यमंत्री के अंदर वह इच्छा शक्ति कूट-कूट कर भरी है जो किसी भी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय संकल्प की पूर्ति की पहली शर्त होती है। दरअसल मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपना पदभार संभालते ही राज्य के द्रुतगामी औद्योगिक विकास के अपने सुनहरे स्वप्न को साकार करने की अभिलाषा की पूर्ति के लिए राज्य में क्षेत्रीय निवेशक सम्मेलनों की श्रंखला आयोजित करने की जो पहल की है, उसके सुखद परिणामों से यह संकेत मिलने लगे हैं कि मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास के स्वर्ण युग की दहलीज पर पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न होने जा रही इस भव्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने आज राजधानी को मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास के स्वर्ण युग के सुप्रभात का साक्षी बनने का अवसर प्रदान किया है। यह भी संभवत: प्रथम अवसर है जब प्रधानमंत्री ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के एक दिन पूर्व भोपाल पहुंचकर राज्य के सांसदों और विधायकों से अनूठा संवाद करेंगे। निश्चित रूप से यह संवाद मध्यप्रदेश के बहुमुखी विकास की नई संभावनाएं तलाशने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज आर्थिक क्रांति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में जब ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 का शुभारंभ हो रहा है, तब यह आयोजन न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित होगा। इस समिट के माध्यम से मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने नई उद्योग नीति, लॉजिस्टिक हब, पर्यटन प्रोत्साहन और सौर ऊर्जा नीति के रूप में ऐसे निर्णायक कदम उठाए हैं, जो इस आयोजन को जमीनी धरातल पर सफल बनाएंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी की मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया पहल का प्रभाव

प्रधानमंत्री श्री मोदी की "मेक इन इंडिया" "स्टार्ट-अप इंडिया", "डिजिटल इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसी योजनाओं ने देश में




औद्योगिक विकास को नया आयाम दिया है। जीआईएस-2025 इन पहलों को प्रदेश में लागू करने के लिए ठोस मंच प्रदान कर रहा है।

मेक इन इंडिया :मध्यप्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षित किया जा रहा है। पीथमपुर (इंदौर), मंडीदीप (भोपाल), मालनपुर (ग्वालियर), मेघनगर (झाबुआ) जैसे औद्योगिक हब इस अभियान को गति दे रहे हैं।

स्टार्ट-अप इंडिया : इंदौर और भोपाल में आईटी और स्टार्ट-अप हब विकसित किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में इनोवेशन और नई तकनीक आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा।

### मध्यप्रदेश सरकार की नई उद्योग नीति : निवेशकों के लिए स्वर्णिम अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने नई उद्योग नीति को लागू किया है, जिससे देश-विदेश के निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के तहत उद्योगों को सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के तहत त्वरित मंजूरी दी जाएगी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में सुधार के लिए नीतिगत बदलाव किए गए हैं। निवेशकों को कस्टमाइज़्ड पैकेज दिए जाएंगे, जिससे प्रदेश में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का प्रवाह तेज होगा।मध्यप्रदेश खनिज संपदा और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। प्रदेश की समृद्ध खनिज संपदा के दोहन और लॉजिस्टिक सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने नई नीतियां लागू की हैं। बालाघाट में तांबा और मैंगनीज उद्योग, पन्ना में हीरा उद्योग, सतना-कटनी में सीमेंट उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इंदौर और भोपाल को लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे व्यापार और निर्यात को गति मिलेगी। रेल, सड़क और एयर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए नई परियोजनाएं लाई गई हैं।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई पहल

मध्यप्रदेश अपनी ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। प्रदेश सरकार ने पर्यटन को औद्योगिक विकास से जोड़ने के लिए नई योजनाएं लागू की हैं। धार्मिक पर्यटन में उज्जैन (महाकाल लोक), चित्रकूट, ओंकारेश्वर और अमरकंटक जैसे तीर्थस्थलों को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है। वाइल्डलाइफ टूरिज्म में कान्हा, बांधवगढ़, सतपुड़ा और पेंच नेशनल पार्क को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। एडवेंचर और इको-टूरिज्म में पचमढ़ी, भीमबेटका और मांडू जैसे स्थानों में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। फिल्म सिटी के तौर पर मध्यप्रदेश में फिल्म टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भोपाल और उज्जैन में फिल्म सिटी निर्माण की योजना बनाई जा रही है।

### सौर ऊर्जा नीति : अक्षय ऊर्जा में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश ने सौर ऊर्जा नीति के तहत अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। रीवा सोलर प्लांट के बाद अब प्रदेश में ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। पवन और सौर ऊर्जा में निवेश आकर्षित करने के लिए सरकार ने नई नवकरणीय ऊर्जा नीति लागू की है। राज्य सरकार वर्ष 2030 तक मध्यप्रदेश को ग्रीन एनर्जी हब बनाने की योजना पर कार्य कर रही है।

### जीआईएस-2025 : मध्यप्रदेश के उज्जवल भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम

जीआईएस-2025 में जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड, मलेशिया, यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा जैसे देशों के निवेशकों की भागीदारी दर्शाती है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश के उद्योग जगत को एक नई दिशा देगा। मध्यप्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक मजबूत औद्योगिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। नई उद्योग नीति, लॉजिस्टिक हब, पर्यटन, खनिज संपदा और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए प्रयास जीआईएस-2025 को जमीनी धरातल पर सफल बनाएंगे। यह आयोजन न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के औद्योगिक भविष्य को एक नई दिशा देगा।जीआईएस-2025 के माध्यम से मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश से औद्योगिक मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाएगा।

# रेवड़ियां हासिल करने वाले ज्यादा दोषी

ओमप्रकाश मेहता

भारतीय राजनीति में रेवड़ियों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने चिंता व्यक्त करते हुए इस प्रक्रिया को प्रजातंत्र के लिए काफी आत्मघाती कदम बताया है अब इसे प्रजातंत्र पद्धति में व्याप्त दोष कहां जाए या और कुछ

किंतु मेरी नजर में तो देश विरोधी सिलसिला है जिसके लिए रेवड़ियां बांटने वाले कम उसे हासिल करने वाले ज्यादा दोषी है क्या हमारा स्तर इतना गिर चुका है कि आजादी की हीरक जयंती तक हम अज्ञानी और भिखारी बने हुए और थोड़े से लालच में अयोग्य और अवसरवादियों के हाथों में देश का भविष्य सौंप रहे हैहमारे राजनेताओं की तो यह एक सोची समझी चाल है जिसके तहत वे भारतवासियों को हमेशा लाचार और दया का पात्र बनाकर रखना चाहते हैं तथा समय आने पर उसकी मजबूरी का राजनीतिक फायदा उठाते रहते हैं वह नहीं चाहते कि देश का आम मतदाता अपनी ज़रूरतें पूरी करने में पूर्णता सक्षम होअब सर्वोच्च न्यायालय की कड़ी टिप्पणी को कितने लोग समझ पा रहे हैं या जानबूझकर समझना नहीं चाहते हैं यह एक अलग बात है किंतु इस मामले में सुप्रीमकोर्ट की चिंता एकदम सही है अब तो हमारे प्रजातंत्र का यह आम चलन ही हो गया है कि देश के लोगों को कभी भी आत्मनिर्भर व चिंता मुक्त मत होने दो तथा इन्हें हर तरीके से इतना परेशान करके रखो कि आम आदमी उनकी शरण में आने को मजबूर हो जाएऔर वह उसकी आड़ में अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि कर ले पहले तो सिर्फ चुनाव के समय ही रेवड़ियों का पिटारा खोलने का चलन था पर अब तो यह पिटारे कभी भी खोले जाने लगे हैं और राजनीतिक स्वार्थसिद्धि चुनावों की तरह 12 मास जारी रहती हैयही नहीं इन पर अंकुश तो राजनेता अपने स्वार्थ वश लगा नहीं रहें हैं, और सरकारें भी इस दिशा में मौन दर्शक बनी हुई है अब ऐसी स्थिति मे न्यायपालिका ही है जिसने अपना मौन तोड़ा है और वह अब इस दिशा में भी सक्रिय नजर आ रही है। अब यहां अहम सवाल यह पैदा होता है की आजादी के 75 साल आम नागरिक आज याचक क्यों बना हुआ हैइतनी लंबी अवधि में वह हर दृष्टि से आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाया वास्तविकता यह है कि हमारे राजनेताओं ने ही आम आदमी को आत्मनिर्भर नहीं बनने दिया हर सुविधा आम आदमी को मुफ्त में मुहैया करा कर उसे आलसी बना दियाजीवन की हर सुविधा यदि मुफ्त में मिल जाए तो फिर भला मेहनत करना कौन पसंद करेगा यही स्थिति आज भारत में आम आदमी की है। और आम आदमी का हाल यह है कि आजादी के इतने लंबे अंतराल के बाद भी वह लाचार और बेबस बना हुआ है जिसका फायदा राजनीतिक दल उठा रहे है और सही तो यही है कि जब तक आम आदमी स्वयं को लेकर सक्रिय नहीं होगातब तक देश में यही सब चलता रहेगा फिर देश चाहे किसी भी दिशा मे क्यों न जाए और इसीलिए आज जो चिंता आम आदमी को करनी चहिए वह सर्वोच्च न्यायालय कर रहा है अब इस सब के बाद भी हम यदि नहीं जागे तो फिर हमारे दुर्भाग्य के लिए और कोई नहीं हम स्वयं ही दोषी होंगे और यदि यही आगे भी चलता रहा तो हम भारतवासी फिर से अपनों के ही अधीन होकर परतंत्र की जिंदगी गुजारेंगे और देश में लूटमार जारी रहेगी और इसका भविष्य अंधकार में हो जाएगा




मेष राशि- आज आपका सोचा हुआ काम पूरे होंगे। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप नया काम शुरू करने की योजना बनाएंगे, आगे चलकर इससे आपको फायदा होगा। इस राशि के छात्रों के सफलता का स्तर अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा रहेगा। अचानक किसी स्रोत से आपको धन लाभ होगा।

वृष राशि- आज आपको इनकम में बढ़ोतरी के लिए किसी की मदद मिल सकती है । आपको किस्मत का साथ मिलेगा। जीवनसाथी किसी काम के लिए आपकी तारीफ कर सकते है, इससे आपका मन खुश रहेगा । शाम को किसी दूर के रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है । काम को लेकर आपकी कई योजनाएं आज समय से पूरी हो जायेंगी। आपको बड़ी सफलता मिलने का योग बना हुआ है।

मिथुन राशि- आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। आपकी फिटनेस बनी रहेगी। आप जीवनसाथी की किसी काम में मदद करेंगे। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते अपने आप खुलते जायेंगे । कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपका नया कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।

कर्क राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां देखने को मिलेगी। व्यापार की गति ठहरने से किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे, जिससे जल्द ही सबकुछ अच्छा हो जायेगा। आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे। लवमेट आज लंच करने किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जायेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। अनियमित दिनचर्या के कारण थोड़ा आलस्य और थकान बना रहेगा। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। परिवार के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे। आज आपके सहकर्मी किसी कार्य को पूरा करने के लिए आपसे फोन पर राय लेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे । आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। मित्र आपसे सहयोग के लिए कह सकता है, आप उनकी हर संभव मदद करेंगे। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से आपको बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से फोन पर बात होने की संभावना है । निवेश के मामले में आपको नई सलाह मिलेगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको मानसिक उलझनों से मुक्ति मिलेगी, जिससे काफी राहत महसूस करेंगे। परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। दांपत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज किसी प्रकार की नई बात आपको सीखने को मिलेगी । आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। इस राशि के साहित्य से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

धनु राशि- आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आज आप घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत अपने करियर में बदलाव लायेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को फीट महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्लान बनाएंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे। अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो फिलहाल कुछ दिनों के लिए रुक जाना अच्छा रहेगा। परिवार के मामले में बड़ा फैसला लेने से पहले सब की बात आपको जरूर सुनना चाहिए। कुछ चीजों में आपको लोगों से उलझने से बचना चाहिए। संतान से आपको सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि- आज आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। लंबे समय से चल रहा किसी कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फ़ोन पर राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सराहना होगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे।

मीन राशि- आज आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। अध्यात्म के प्रति लगाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के सहयोग से काम पूरे हो जायेंगे । आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ननिहाल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आप लोगों को अपनी बातें समझाने में सफल होंगे। आज बात करते समय अपनी भाषा पर ध्यान दें, नहीं तो किसी से अनबन हो सकती है।

# महिलाओं को आगे बढ़ाने की धुंधली कोशिशें।

## बालिकाएं अच्छी शिक्षा की हकदार।




**संजीव ठाकुर ,चिंतक, लेखक,स्तंभकार,**

निश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है और नई सुबह ज्यादा चमकदार और उजाले से भरपूर होती हैद्य भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएंद्य भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैंद्य सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25त्न से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60त्न महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50त्न भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं, जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

# मथुरा में दबंगों ने दो दलित दुल्हन और बारातियों को पीटा, नहीं हुआ विवाह

## पांच आरोपी गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

मथुरा (ए.)। मथुरा जिले के रिफाइनरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने मामूली विवाद पर अनुसूचित जाति (दलित) की दो दुल्हन व बारातियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की जिससे बारात लेकर पहुंचे दूल्हे बिना विवाह किए ही लौट गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि अन्य आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार, रिफाइनरी थाना क्षेत्र के गांव करनावल निवासी एक व्यक्ति की दो बेटियों की शादी शुक्रवार रात को होनी थी। उनकी बारात जिले के ही गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव सामई खेड़ा (पूंछरी) से आई थी। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों दुल्हन अपनी बुआ व फूफा के साथ ब्यूटी पार्लर से कार में बैठकर लौट रही थीं, तभी रास्ते में गौशाला गांव के समीप करनावल के ही निवासी लोकेश, रोहताश और सतीश की बाइक से कार टच हो गई। पुलिस के मुताबिक, इस पर बाइक सवार युवकों ने कार




चालक (दुल्हन के फूफा) से हाथापाई शुरू कर दी। यह देख दोनों दुल्हनों ने विरोध किया तो उन्हें व उनकी बुआ को भी कार से खींच लिया और उनकी पिटाई कर दी। आरोप है कि उनके मुंह पर कीचड़ भी फेंका। पुलिस ने बताया कि जब इसकी सूचना दुल्हन के परिजनों को मिली तो वे मौके पर पहुंच गए। कुछ बाराती भी उनके साथ हो लिए। पुलिस ने कहा कि हमलावर युवकों ने भी अपने पक्ष के लोगों और परिजनों को बुला लिया और दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई, जिसमें दुल्हन के पिता के सिर में चोट आईं और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि हमलावरों में से एक सतीश ट्रैक्टर-ट्रॉली में अपने अन्य साथियों को लेकर विवाह स्थल पर पहुंच गया और उसने वधू पक्ष के घर के बाहर खड़े दो वाहनों में टक्कर मारकर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। रिश्तेदारों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो सभी को पीटना शुरू कर दिया। कुछ बारातियों ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उन्हें भी पीटा। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार की सुबह गांव में कई घंटे तक पंचायत हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर लोकेश, सतीश, श्रीपाल, शिशुपाल, रोहताश, अजय, निशांत, ऊदल, ब्रजेश, दीपू, शुभम, पवन, बटुआ, अनिल और अमित समेत कई अज्ञात लोगों (सभी गांव गौशाला निवासी) के खिलाफ दंगा, घातक हथियारों से हमला, बंधक बनाने, छिनैती, हत्या का प्रयास, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, अपमान करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने समेत कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। दूसरी ओर, इस घटना से डरी-सहमी बारात दुल्हनों को ब्याहे बिना लौट गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी 63 वर्षीय व्यक्ति को 25 साल की सजा

मयूरभंज (ए.)। ओडिशा के मयूरभंज जिले की एक विशेष अदालत ने 63 वर्षीय व्यक्ति को नाबालिग लड़की से बलात्कार करने के मामले में 25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत की न्यायाधीश प्रतिमा पात्रो ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए दोषी पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक अभिना कुमार पटनायक ने बताया कि 2022 में 14 वर्षीय पीड़िता के साथ दोषी ने कई बार दुष्कर्म किया था और उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। अदालत ने पीड़िता के बयान, 18 गवाहों की गवाही और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया। अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता को सात लाख रुपये मुआवजा देने की सिफारिश की है। बैसिंगा थाने में 27 जुलाई 2022 को दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था।



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंगुल के बनारपाल ब्लॉक के तेलसमुल में श्री श्री दुर्गा माधव मंदिर में अनुष्ठान किया।

### मानसरोवर में सनी कॉम्पलेक्स में भीषण आग, लाखों का नुकसान

जयपुर(आरएनएस)। मानसरोवर थाना इलाके के न्यू आतिश मार्केट स्थित सनी कॉम्पलेक्स की पांचवीं मंजिल पर सुबह करीब 6 बजे भीषण आग लग गई। आग लगने से थर्मल इंसूलेंस ऑफिस में रखा कैश और सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि आग लगने के वक्त ऑफिस में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। कॉम्पलेक्स में गार्ड का काम करने वाले सतीश ने ऑफिस से उठते धुएं को देखा और तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ऑफिसर देवांग यादव ने बताया, सुबह बंद ऑफिस से अचानक धुएं का गुबार उठने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। भीषण आग की लपटें देखकर स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। आग की सूचना मिलते ही मानसरोवर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। ऑफिस का लॉक तोड़कर आग बुझाने का काम शुरू किया गया।हाइड्रोलिक सिस्टम सहित 10 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।आगजनी की घटना में ऑफिस को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।फायर ब्रिगेड की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट की जताई जा रही है।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दरभंगा में मखाना उत्पादक किसानों से बातचीत की।

### विधानसभा अध्यक्ष एक तरह का मार्शल लॉ लागू कर रहे हैं : महबूबा मुफ्ती



श्रीनगर (ए.)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका विधानमंडल के सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, ना कि सेंसर (नियंत्रक) की तरह काम करना है। उनकी यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर द्वारा बजट सत्र से पहले सदन के कामकाज के नोटिस के प्रचार को गंभीरता से लेने के बाद आई है। विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से विशेषाधिकार हनन से दूर रहने को कहा है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने राथर पर संवैधानिक पद पर रहते हुए एक तरह का मार्शल लॉ लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, साहब भले ही विधायी कार्यवाही की पवित्रता को बनाए रखने के बारे में चिंतित हों, लेकिन अध्यक्ष के तौर पर उनकी प्राथमिक भूमिका सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, न कि सेंसर की तरह काम करना है। उन्होंने कहा कि विधायी गतिविधियों के बारे में पारदर्शिता और जन जागरूकता को संसदीय प्रथाओं के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इसके विपरीत, नोटिस, प्रश्नों और प्रस्तावों के बारे में जनता को पहले से सूचित करना जवाबदेही को बढ़ावा देता है। हाल ही में वक्फ विधेयक जैसे कई महत्वपूर्ण संसदीय विधेयकों पर महीनों तक सार्वजनिक रूप से बहस होती रही। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत होता है कि संवैधानिक पद पर रहते हुए राथर साहब एक तरह का मार्शल लॉ लागू कर रहे हैं।

### सभी राजनीतिक दलों को बंगाल में एनआरसी लागू करने का समर्थन करना चाहिए : सुवेंदु अधिकारी



कोलकाता (ए.) । भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि घुसपैठ जैसे मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने और 'जनसांख्यिकी में बदलाव' से बचने के लिए सभी राजनीतिक दलों को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का समर्थन करना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा शासित राज्य राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के पक्ष में हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार का इससे इनकार करना, हैरान करने वाला है और यह घुसपैठ रोकने के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''देखिए कि अंसारुल्ला बांग्ला जैसे बांग्लादेशी आतंकवादी संगठन बंगाल के जिलों में कैसे अपना आधार फैला रहे हैं। देखिए कि कैसे जनसांख्यिकी बदल रही है, खासकर सीमावर्ती जिलों में। पुलिस और राज्य प्रशासन क्या कर रहे हैं, वे आंखें फेरे हुए बैठे हैं।'' उन्होंने कहा कि एनआरसी के सख्त कार्यान्वयन से ही ''घुसपैठियों'' को बाहर निकाला जा सकता है और 'विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने वाले जिहादी तत्वों' का पता लगाया जा सकता है। अधिकारी ने कहा, ''सभी राजनीतिक दलों को एनआरसी का समर्थन करना चाहिए। 2026 के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा सत्ता में आएगी, तो हम बंगाल में एनआरसी लागू करेंगे।'' अधिकारी ने नकारात्मक टिप्पणी करके और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुँचाकर ''महाकुंभ जैसे पवित्र आयोजन का अपमान'' करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की भी आलोचना की। तृणमूल कांग्रेस महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि अधिकारी जैसे नेता एनआरसी के मुद्दे पर जोर दे रहे हैं जिसका उद्देश्य राजनीतिक कारणों से समाज का ध्रुवीकरण करना है। घोष ने कहा, ''एनआरसी वास्तविक नागरिकों को शिविरों में भेज देगा और समाज के एक वर्ग को अलग-थलग कर देगा। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

### आतिशी चुनी गई दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को रविवार को यहां आम आदमी पार्टी 'आप' के विधायकों की बैठक में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुना गया। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पार्टी के 22 विधायक – जिनमें कालकाजी से विधायक आतिशी भी शामिल हैं – बैठक में शामिल हुए। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा जो तीन दिन का होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने कहा है कि पिछली आप सरकार के कामकाज के खिलाफ लंबित कैग रिपोर्ट सदन में पेश की जाएगी। भाजपा ने पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में 70 में से 48 सीट जीतकर आप को दिल्ली की सत्ता से बाहर कर दिया। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के कई शीर्ष नेता भी चुनाव हार गए।

## अंतर्राष्ट्रीय समाचार

### इजरायल ने रोकी फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई, हमास के सामने रखी यह शर्त

यरूशलम (ए.)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई स्थगित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जब तक हमास इजरायली बंधकों की रिहाई के दौरान अपने अपमानजनक समारोह बंद नहीं कर देता तब तक यह रोक जारी रहेगी। गाजा युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने शनिवार को 6 इजरायली बंधकों की रिहाई की जबकि इजरायल को 602 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना था। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा, हमास की ओर से बार-बार किए गए उल्लंघनों, जिनमें हमारे बंधकों को अपमानित करने वाले समारोह और प्रचार उद्देश्यों के लिए हमारे बंधकों का निंदनीय शोषण शामिल है, के मद्देनजर यह फैसला लिया गया कि शनिवार को होने वाली आतंकवादियों (फिलिस्तीनी कैदी) की रिहाई तब तक के लिए स्थगित रहेगी, जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती और रिहाई पर होने वाले अपमानजनक समारोह बंद नहीं होते। 19 जनवरी को युद्ध विराम शुरू होने के बाद से, हमास ने 25 इजरायली बंधकों को रिहा किया है। लगभग सभी की एक सार्वजनिक समारोह में रिहाई हुई है जिन्हें इजरायल फिलिस्तीनी ग्रुप का प्रचार स्टंट बताता है। हालांकि शनिवार को बंधक हिशाम अल-सईद की रिहाई एक अपवाद रही। हमास ने बिना किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के उन्हें रेडक्रॉस को सौंप दिया। हिशाम रिहा होने वाले पहले मुस्लिम इजरायली हैं। हालांकि शनिवार सुबह हमास ने पांच बंधकों की रिहाई पूरे धूम-धाम से की थी। हमास ने हिशाम अल-सईद को बिना किसी बड़े कार्यक्रम के रिहा करने का कोई कारण नहीं बताया। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला करके 251 बंधकों को पकड़ लिया और लगभग 1,200 लोगों को मार डाला था जिसके बाद युद्ध शुरू हो गया। गाजा के हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल के हमले में कम से कम 48,319 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायल के हमलों से गाजा की लगभग दो-तिहाई इमारतें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई

### भारत हमारा फायदा उठाता है, इलेक्शन फंडिंग देने की कोई जरूरत नहीं', यूएसएआईडी पर फिर बोले ट्रंप

न्यूयॉर्क (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट द्वारा भारत को दिए जाने वाले फंड पर एक बार फिर हमला बोलते हुए दावा किया कि उसने भारत को चुनाव में सहायता के लिए '18 मिलियन डॉलर' दिए। ट्रंप ने कहा कि भारत को चुनाव के लिए धन मुहैया कराना अनावश्यक है क्योंकि उन्हें वित्तीय सहायता की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भारत अमेरिका का 'फायदा उठाता है' और वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक टैरिफ लगाता है। यह चौथी बार है जब ट्रंप ने भारत में मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी फंडिंग को लेकर अपना दावा दोहराया है। इससे पहले भी उन्होंने इस मुद्दे पर सवाल उठाते हुए कहा था कि यह फंडिंग किसी अन्य को चुनाव जिताने के लिए की गई थी।

# अवैध प्रवासियों को वतन वापिस भेजने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर लिया बड़ा फैसला

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शीर्ष अमेरिकी जनरल को बर्खास्त कर दिया। ट्रंप ने घोषणा की कि वह ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष चार्ल्स क्यू ब्राउन को बर्खास्त कर रहे हैं और उनकी जगह वायु सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जॉन डैन रजिन केन को नियुक्त कर रहे हैं।

केन सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसके बाद रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने नौसेना प्रमुख और वायु सेना उप प्रमुख को बर्खास्त कर दिया। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर कहा कि जनरल केन कुशल पायलट, राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ हैं। मेरे पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने आइएस के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह रिकॉर्ड समय में कुछ ही हफ्तों में किया गया था। ट्रंप ने बाइडन प्रशासन पर पदोन्नति के लिए जनरल केन को नजरअंदाज करने का भी आरोप



लगाया। इसके कुछ मिनट बाद ही हेगसेथ ने बयान जारी कर नौसेना प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी को बर्खास्त करने की घोषणा की। उन्होंने वायु सेना के उप प्रमुख जनरल जेम्स स्लिफ को भी हटा दिया। उन्होंने सेना, नौसेना और वायु सेना के जज एडवोकेट जनरल को भी हटाने का फैसला लिया है।

पेंटागन पहले ही कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी के लिए तैयार है। पेंटागन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अभियान के तहत वह 5,400 नौकरियों में कटौती करेगा। पेंटागन भर्ती पर रोक लगाएगा और आखिरकार अपने 950,000 नागरिक कार्यबल को पांच से आठ प्रतिशत तक कम कर सकता है। एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन के लिए 2,000 से अधिक अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी के कर्मचारियों को छुट्टी पर रखने का रास्ता साफ कर दिया है। इस बीच, एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप के उस व्यापक कार्यकारी आदेश को रोक दिया है जिसमें विविधता, समानता और समावेशन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों के लिए सरकारी समर्थन समाप्त करने की मांग की गई थी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सरकारी व्हिसलब्लोअरों की सुरक्षा करने वाली संघीय एजेंसी के प्रमुख को अस्थायी रूप से पद पर बरकरार रखा है।

### पिछले हफ्ते क्या किया? जवाब नहीं दिया तो इस्तीफा समझा जाएगा' एक ईमेल से लाखों कर्मचारियों में मचा हड़कंप

वाशिंगटन (ए.) । डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही एलन मस्क हर तरफ चर्चा में हैं। ट्रंप ने मस्क को सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बनाया है। उनके कंधों पर सरकारी खर्च में कटौती और फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की जिम्मेदारी है। एलन मस्क हजारों कर्मचारियों को निकाल चुके हैं। अब उन्होंने अमेरिका के लाखों संघीय कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। इन कर्मचारियों को 48 घंटे में बताना है कि पिछले हफ्ते उन्होंने फिजूलखर्ची को कम करने के लिए क्या किया? डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश के मुताबिक सभी संघीय कर्मचारियों को जल्द ही एक ईमेल मिलेगा।

## ग़ाज़ा में पोलियो वैक्सीन की ख़ुराकें पिलाने के अभियान का नया दौर शुरू

गाजा (ए.)। इसराइल के क़ब्ज़े वाले ग़ाज़ा में, 10 वर्ष से कम आयु के लगभग 6 लाख बच्चों को पोलियो से बचाने वाली वैक्सीन की ख़ुराकें पिलाने के अभियान का नया दौर, शनिवार को शुरू हुआ है। मौजूदा अभियान, पिछले वर्ष के पोलियो वैक्सीन अभियान की अगली कड़ी है जिसमें लाखों छोटे बच्चों को



पोलियो से बचाने वाली वैक्सीन की ख़ुराकें पिलाई गई थीं। ग़ाज़ा में हाल के समय में, अपशिष्ट जल के नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया था, जिससे नज़र आता है कि इसका प्रसार जारी है, जिसके कारण, बच्चों को पोलियो का संक्रमण होने का जोखिम है।

इस अभियान का नेतृत्व फ़लस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय कर रहा है और इस अभियान को विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष , संयुक्त राष्ट्र की फ़लस्तीन शरणार्थी एजेंसी – NRWA और अन्य भागीदारों के सहयोग से लागू किया जा रहा है।

NRWA के महाआयुक्त फ़िलिपे लज़ारिनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि एजेंसी के स्वास्थ्य केन्द्रों और सचल इकाइयों पर तैनातों टीमों के 1 हज़ार 700 सदस्य, इस अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी –WHO के महानिदेशक डॉक्टर टैड्रॉस ऐडहेनॉम घेबरेयेसस ने कहा है कि तमाम टीमें धरातल पर मुस्तैदी के साथ, इस अभियान को सुचारू व सफल बनाने के लिए, सक्रिय हैं। यूएन एजेंसियों ने बताया है कि इस अभियान में कुल 1 हज़ार 660 टीमें, पोलियो वैक्सीन की ख़ुराकें पिला रही हैं। इनमें NRWA की स्वास्थ्य टीमें पूरे अभियान का एक तिहाई हिस्सा हैं, जिनकी संख्या 555 है। स्वास्थ्यकर्मी, UNRWA के 10 स्वास्थ्य केन्द्रों में पोलियो वैक्सीन उपलब्ध कराएंगे. इन स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या – एक रफ़ाह, ख़ान यूनिस में तीन और मध्यवर्ती इलाक़े में तीन और एक स्वास्थ्य केन्द्र ग़ाज़ा ग़ाज़ा सिटी में में स्थित हैं, जोकि उत्तर में है।

### जाम की टेंशन अब खत्म, आ गई उड़ने वाली कार, इतनी होगी कीमत

न्यूयॉर्क (ए.)। अमेरिका की एक ऑटो कंपनी ने आसमान में उड़ने वाली कार का निर्माण कर सफलता हासिल की है। जो आपको रोड़ में लगे जाम के झंझट से दूर ले जाएगी। अमेरिका की कंपनी अलेफ एरोनॉटिक्स ने आसमान में उड़ती कार का पहला वीडियो जारी किया है। इस कार निर्माता ने अपनी इलेक्ट्रिक कार का सड़क पर एक अन्य कार के ऊपर से 'कूदने' का फुटेज जारी किया है और इसे शहर में कार चलाने और वर्टिकल टेक-ऑफ भरने के इतिहास का पहला परीक्षण बताया है। इस परीक्षण का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है और अभी से ही लोग इसको खरीदने का मन बनाने लगे हैं। कंपनी की ओर से जारी फुटेज में दिखाया गया है कि कार रास्ते में खड़े एक कार के ऊपर से कूद रही है। रास्ते में खड़ी कार से थोड़ी ही दूरी से कार उड़ान सीधी उड़ान भरती है, फिर कार को पार करने के बाद आगे उतर जाती है।

### सूडान के व्हाइट नील राज्य में हैजा से तीन दिनों में 83 लोगों की मौत : एनजीओ



खार्तूम (ए.)। स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने बताया कि सूडान के व्हाइट नाइल राज्य में हैजा से मौत को लेकर भयावह आंकड़ा साझा किया है। इसके मुताबिक पिछले 72 घंटों में हैजा से 83 लोगों की मौत हो गई है। गैर-सरकारी सूडानी डॉक्टर्स नेटवर्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, व्हाइट नाइल में हैजा फैलने से 83 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,197 अन्य संक्रमित हुए हैं, जिनमें से शुक्रवार तक 259 लोग ठीक हो चुके हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नेटवर्क ने स्थिति को विनाशकारी बताते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अस्पताल में बिस्तरों की कमी और बीमारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त केंद्र खोलें। नेटवर्क ने स्थानीय प्राधिकारियों से जागरूकता अभियान तेज करने, बाजारों को संक्रमणमुक्त करने, पारंपरिक तरीकों से पेयजल वितरण को रोकने तथा जल नेटवर्क की कमी वाले क्षेत्रों में क्लोरीन वितरित करने का भी आह्वान किया। इस बीच, स्थानीय स्वयंसेवी समूह निदा अल-वसत प्लेटफार्म ने चेतावनी दी कि व्हाइट नाइल राज्य के प्रमुख शहर कोस्टी में स्वास्थ्य स्थिति बहुत खतरनाक मोड़ ले रही है, जहां 800 से अधिक हैजा के मामले सामने आए हैं और कई लोगों की मौत हुई है। एक अन्य गैर सरकारी संगठन, डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) ने भी एक प्रेस विज्ञप्ति में पुष्टि की कि बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हो गई है, और 800 से अधिक लोग तेज दस्त, डिहाइड्रेशन, उल्टी आदि के लक्षणों के साथ कोस्टी टीचिंग अस्पताल में हैजा उपचार केंद्र में इलाज करा रहे हैं।

# सूरज बड़जात्या की फिल्म में नजर आएंगी शरवरी वाघ



सूरज बड़जात्या भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्माता और निर्देशक हैं। हम आपके हैं कौन!, हम साथ साथ हैं, एक विवाह ऐसा भी, विवाह और प्रेम रतन धन पायो के बाद प्रशंसक निर्देशक की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने आयुष्मान खुराना से हाथ मिलाया है।अब ताजा खबर यह है कि बड़जात्या और आयुष्मान की इस फिल्म में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाने के लिए निर्माताओं ने शरवरी वाघ से संपर्क किया है।रिपोर्ट के अनुसार, बड़जात्या की अगली फिल्म में शरवरी नजर आ सकती हैं। दोनों के बीच बातचीत जारी है। शरवरी को फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और वह आयुष्मान के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं।अगर बड़जात्या की फिल्म में आयुष्मार की जोड़ी शरवरी के साथ बनती है तो यह दोनों के बीच पहला सहयोग होगा।शरवरी से पहले निर्माताओं ने सारा अली खान और तृप्ति डिमरी से संपर्क किया था।फिल्म की शूटिंग 2025 के मध्य में शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। फिल्म के शीर्षक का ऐलान जल्द होगा।शरवरी की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही आलिया भट्ट के साथ फिल्म अल्फा में नजर आएंगी।यह फिल्म क्रिसमस के खास मौके पर यानी 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शिव रवैल ने संभाली है।

# सिमर से लेकर शनाया कपूर तक ये स्टार किड्स इन फिल्मों में आएंगे नजर, आजमाएंगे किस्मत



7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की फिल्म 'नादानियां' रिलीज होने वाली है। वह इस फिल्म से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। ऐसे कई स्टार्स के किड्स हैं, जो साल 2025 में बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर**

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार हैं। खबर है कि वह दक्षिण भारत की फिल्म 'वृषभ' में नजर आएंगी। फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। संजय कपूर की बीवी का नाम महीप कपूर है।

**शाहरुख के बेटे आर्यन खान**

बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के बेटे भी बॉलीवुड में आ रहे हैं। लेकिन वह बतौर डायरेक्टर-राइटर इस इंडस्ट्री में आएंगे। वह वेब सीरीज से इंडस्ट्री में कदम रखेंगे। उनकी सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसे शाहरुख खान प्रोड्यूज कर रहे हैं।

**अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया**

अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी बॉलीवुड में अपने जलवे दिखाने वाली हैं। वह अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तया नंदा के साथ फिल्म 'इक्कीस' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन करने वाले हैं।

**अब्राहिम अली खान खुशी कपूर**

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान 'नादानियां' के अलावा 'सरजमीन' फिल्म में नजर आएंगे। उनके साथ एक्ट्रेस काजोल भी नजर आने वाली हैं। जल्द ही इस फिल्म की बाकी अपडेट भी आएगी। 'नादानियां'में सैफ के साथ श्रीदेवी की बेटी 'खुशी कपूर' भी नजर आएंगी।

## नितेश तिवारी की रामायण में रावण बनेंगे यश, शूटिंग शुरू



कन्नड़ सुपरस्टार यश ने रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर रामायण की शूटिंग शुरू कर दी है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म में यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। रामायण में भगवान राम की भूमिका रणबीर कपूर निभा रहे हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। रणबीर और साई पल्लवी पहले ही मुंबई में अपने हिस्से की शूटिंग कर चुके हैं। अब यश ने भी अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है।सूत्रों के मुताबिक, यश 21 फरवरी को शूटिंग के सेट पर पहुंचे और उन्होंने दो दिन के कॉस्ट्यूम ट्रायल के बाद शूटिंग शुरू की। फिलहाल, उनकी शूटिंग का फोकस युद्ध के दृश्यों पर है, जिसे मुंबई के अक्सा बीच पर फिल्माया जाएगा। इसके बाद फिल्म की आगे की शूटिंग दहिसर के एक स्टूडियो में होगी।इस फिल्म में युद्ध के दृश्यों को बड़े पैमाने पर फिल्माया जा रहा है। एक्शन कोरियोग्राफी जबरदस्त है। इन दृश्यों में ग्रीन स्क्रीन तकनीक और वीएफएक्स का भी बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया गया है। हालांकि, इस चरण में रणबीर कपूर शामिल नहीं होंगे, क्योंकि इसमें राम-रावण के आमने-सामने की लड़ाई का दृश्य नहीं है।यश इस फिल्म में खास परिधानों में नजर आएंगे, जिन्हें हरप्रीत और रिम्पल ने डिजाइन किया है।

# उर्वशी रौतेला से लेकर अवनीत कौर तक, भारत-पाक मैच देखने दुबई पहुंचे सितारे





आज रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। दोनों के बीच यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हो रहा है। इसे देखने फिल्मी हस्तियां भी पहुंची हैं। साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी मैच देखने पहुंचे हैं। इनके अलावा अभिनेत्री सोनम कपूर भी मैच का लुत्फ उठाती नजर आई हैं। वहीं, एक्टर सनी देओल भी यह मैच देख रहे हैं। वे महेंद्र सिंह धोनी के साथ मैच देख रहे हैं।

## फिल्म 'जाट' का प्रमोशन करते दिखे सनी देओल



अभिनेता सनी देओल यह मैच महेंद्र सिंह धोनी के साथ बैठकर देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर दोनों की वीडियो वायरल हो रही है। दरअसल, सनी देओल इस मैच के बहाने अपनी आगामी फिल्म 'जाट' का प्रचार करते नजर आए हैं। मैत्री मूवी मेकर्स की तरफ से यह जानकारी कल शनिवार को ही साझा की गई थी। बात करें फिल्म 'जाट' की तो इसमें सनी देओल के अलावा रणदीप हुडा, रेजिना कैसेंड्रा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर, जरीना वहाब और आयशा खान भी अहम किरदार में हैं। बता दें कि सनी देओल और धोनी स्टेडियम में यह मैच नहीं देख रहे हैं, बल्कि जियो हॉटस्टार स्टूडियो में देख रहे हैं।

## पति आनंद के साथ पहुंचीं सोनम



सोनम कपूर अपने पति आनंद आहूजा के साथ इस मैच का लुत्फ उठाने पहुंची हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसका अपडेट शेयर किया है। सोनम ने फोटो शेयर की है, जिसमें आनंद और वे हंसते-मुस्कुराते नजर आ रहे हैं।

## भारतीय टीम का हौसला बढ़ाने पहुंचे चिरंजीवी



सोनम कपूर के अलावा मेगास्टार चिरंजीवी आज के दिलचस्प मैच का लुत्फ उठाने स्टेडियम पहुंचे हैं। ब्लैक कलर के आउटफिट में एक्टर नजर आ रहे हैं।

## अवनीत कौर भी पहुंचीं

अभिनेत्री अवनीत कौर भी यह मैच देखने पहुंची हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर इस बात की जानकारी शेयर की है। साथ ही, उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। उनके अलावा मैच का लुत्फ उठाने उर्वशी रौतेला भी पहुंची हैं।

# लोहे की कड़ाही में भूलकर भी न पकाएं ये चीजें, सेहत के हो सकता है खतरनाक, इन बातों का रखें ध्यान



यदि आपको स्वस्थ रहना है तो स्टेनलेस स्टील के बर्तन या मिट्टी के बर्तन और लोहे के बर्तनों में खाना पका कर खाएं, क्योंकि खाना पकाने के लिए आजकल लोग जो अलग-अलग तरह के बर्तनों जैसे एल्युमीनियम, स्टील, नॉन-स्टिक कुकवेयर आदि का उपयोग करते हैं, वह जानलेवा हो सकता है. बता दें, नॉन-स्टिक के बर्तनों में खाना पकाने से कुछ स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक नॉन-स्टिक बर्तनों का इस्तेमाल शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है.

आजकल लोग बीमारियों के प्रति अधिक जागरूक हो गए हैं. यही वजह है कि जो लोग स्वस्थ जीवनशैली अपनाना चाहते हैं, वे मिट्टी और लोहे के बर्तनों का उपयोग तेजी से कर रहे हैं. लेकिन लोहे के बर्तनों का उपयोग करते समय कुछ सावधानियां बरतनी बेहद जरूरी हो गया है. विशेष रूप से, कुछ प्रकार के खाद्य पदार्थों को लोहे के बर्तनों में नहीं पकाना चाहिए. खबर में जानें कि वे कौन-कौन से फूड आइटम्स हैं...

विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ फूड आइटम्स को लोहे के बर्तनों में नहीं पकाना चाहिए. जैसे कि एसिडिक फूड्स आइटम्स, पालक, चुकंदर और अंडे आदि. बता दें, लोहे की कड़ाही में नींबू, टमाटर या सिरका जैसे अम्लीय खाद्य पदार्थ पकाने से भोजन का स्वाद लोहे जैसा या खराब हो सकता है. लोहे की कड़ाही में पकी हरी सब्जियां भी जल्दी काली हो जाती हैं.

इन कारणों से कुछ फूड आइटम्स को लोहे के बर्तनों में नहीं पकाना चाहिए

जब अण्डों को लोहे के बर्तन में पकाया जाता है तो वे बर्तन से चिपक जाते हैं. इसे न केवल साफ करना कठिन है, बल्कि इससे खाना भी मुश्किल हो सकता है. इसलिए अण्डों को लोहे के बर्तनों में नहीं पकाना चाहिए.

टमाटर स्वाभाविक रूप से अत्यधिक अम्लीय होते हैं. यदि टमाटर को लोहे के बर्तनों में बहुत अधिक पकाया जाए तो यह लोहे के साथ प्रतिक्रिया कर सकता है और भोजन का स्वाद बदल सकता है. इसके अलावा, कुछ स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं. विशेष रूप से, शरीर में लौह का उच्च स्तर जमा हो सकता है और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है.

पनीर, दही और अन्य डेयरी उत्पादों को लोहे के बर्तनों में नहीं पकाना चाहिए. जब इन्हें लोहे के साथ मिलाया जाता है तो स्वाद पूरी तरह बदल जाता है. इसके अलावा, जब डेयरी उत्पादों को लोहे के बर्तनों में पकाया जाता है, तो उनका रंग खराब हो जाता है और वे देखने में भी अच्छे नहीं लगते.

चूकि मछली बहुत नरम होती है, इसलिए लोहे के बर्तन में पकाने पर वह टूट सकती है. इसके अलावा, जब लोहे के बर्तनों को गर्म किया जाता है, तो मछली के प्रोटीन में परिवर्तन आ सकता है, जिससे उनका स्वाद और बनावट बदल जाती है.

## लोहे के बर्तनों में खाना बनाते समय इन बातों का ध्यान रखें

लोहे की कड़ाही में पका हुआ खाना तुरंत दूसरे कांच या इनेमल के बर्तन में डालें. लोहे के बर्तनों को धोने के लिए माइल्ड डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें. लोहे के बर्तनों को धोने के तुरंत बाद कपड़े से पोंछ लें. लोहे के बर्तनों को स्टोर करने से पहले उन पर सरसों के तेल की एक पतली परत लगाएं.लोहे के बर्तनों का उपयोग करना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है. ये आयरन की कमी वाले लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प हैं. लोहे के बर्तनों में पका भोजन शरीर को आवश्यक लौह प्रदान करता है तथा हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने की क्षमता रखता है. हालांकि, सभी प्रकार के भोजन को लोहे के बर्तनों में नहीं पकाना चाहिए. इस बात का खतरा रहता है कि कुछ तत्व आयरन के साथ प्रतिक्रिया करके भोजन के स्वाद और पोषक तत्वों को बदल सकते हैं.

# आर माधवन, नयनतारा और सिद्धार्थ की क्रिकेट पर आधारित फिल्म टेस्ट का टीजर रिलीज



माधवन, नयनतारा और सिद्धार्थ की मुख्य भूमिकाओं वाली आगामी तमिल फिल्म टेस्ट का टीज़र निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जारी कर दिया है। नेटफ्लिक्स की आगामी कंटेंट स्लेट का हिस्सा बनने वाली यह फिल्म क्रिकेट के लेंस के माध्यम से जीवन, प्रेम, सपनों और व्यक्तिगत लड़ाइयों के विषयों की पड़ताल करती है। टीज़र की शुरुआत सिद्धार्थ को एक क्रिकेटर के रूप में दिखाए जाने से होती है, क्योंकि उनका वॉयसओवर जीवन के नियमों की व्याख्या करता है, और पात्रों का परिचय देता है क्योंकि वे भावनात्मक उथल-पुथल से गुजरते हैं। टेस्ट के पीछे की टीम ने साझा किया कि फिल्म एक ऐसी कहानी है जो दर्शाती है कि जीवन का नाटक और हम जिन लड़ाइयों का सामना करते हैं, वे खेल की तीव्रता को कैसे दर्शाती हैं। फिल्म में माधवन, नयनतारा, सिद्धार्थ, मीरा जैस्मीन और अन्य कलाकारों की टोली है, जो प्रत्येक किरदार को गहराई और भावना के साथ पेश करते हैं।

# स्टाइलिश साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिखाई दिलकश अदाएं, एक्ट्रेस की बलखाती अदाओं पर दिल हार गए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड और किलर लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका ब्यूटिफुल और ग्लैमरस अवतार देखकर लोग उनकी तस्वीरों पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने पिंक कलर की नेट लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

# बिना किसी थेरेपी के घर पर पीठ दर्द हो सकता है ठीक, आजमाएं ये तरीके



पीठ दर्द कीसमस्या हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बाधा डालती है।यह समस्या पुरुषों और महिलाओं दोनों में देखी जाती है, खासकर उन लोगों में जो लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं या भारी सामान उठाते हैं।

हालांकि, कुछ सरल उपायों से आप घर पर ही इस दर्द को कम कर सकते हैं।

आइए ऐसे ही पांच आसान तरीके जानते हैं, जिनसे आप अपनी पीठ के दर्द को प्राकृतिक रूप से ठीक कर सकते हैं।

## नियमित स्ट्रेचिंग करें

स्ट्रेचिंग आपके शरीर की लचक बढ़ाने और मांसपेशियों को आराम देने का एक बेहतरीन तरीका है।रोजाना सुबह और शाम कुछ मिनट स्ट्रेचिंग करने से आपकी पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव कम होता है और रक्त संचार बेहतर होता है।

इससे न केवल दर्द में राहत मिलती है बल्कि भविष्य में होने वाले दर्द की संभावना भी घटती है। स्ट्रेचिंग करते समय ध्यान रखें कि कोई भी मुद्रा जबरदस्ती न करें।

## गर्म पानी से सिकाई करें

गर्म पानी से सिकाई करना एक पुराना लेकिन प्रभावी तरीका है, जिससे पीठ के दर्द में राहत मिल सकती है। गर्म पानी की थैली या तौलिया लेकर उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और कुछ मिनट तक रखें। इससे मांसपेशियों का तनाव कम होता है और रक्त प्रवाह सुधरता है, जिससे आपको आराम महसूस होगा। यह उपाय खासकर तब फायदेमंद होता है जब आपका दर्द अचानक बढ़ जाए या बहुत ज्यादा हो जाए।

## सही मुद्रा अपनाएं

सही मुद्रा अपनाना आपके शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है, खासकर जब आप लंबे समय तक बैठते हैं या खड़े रहते हैं। गलत मुद्रा आपकी रीढ़ पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है, जिससे पीठ का दर्द बढ़ सकता है।हमेशा सीधे बैठें और अपने कंधों को पीछे रखें ताकि आपकी रीढ़ सीधी रहे। अगर आप कंप्यूटर पर काम करते हैं तो स्क्रीन आंखों के स्तर पर होनी चाहिए ताकि गर्दन झुकानी न पड़े।

## हल्की एक्सरसाइज करें

हल्की एक्सरसाइज जैसे वॉकिंग या योग आपके शरीर को सक्रिय रखने का अच्छा तरीका होती हैं, जो पीठ के दर्द को दूर करने में मदद करती हैं।ये एक्सरसाइज आपकी मांसपेशियों को मजबूत बनाती हैं और लचीला बनाती हैं, जिससे आपको लंबे समय तक आराम मिलता रहता है।शुरुआत में हल्की एक्सरसाइज करें और धीरे-धीरे उसकी अवधि बढ़ाएं ताकि आपका शरीर इसे आसानी से अपना सके बिना किसी अतिरिक्त दबाव के ।

## संतुलित आहार लें

संतुलित आहार आपके स्वास्थ्य के लिए अहम होता है।

कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ जैसे दूध और दही हड्डियों को मजबूत बनाते हैं, जबकि ओमेगा-3 फैटी एसिड सूजन कम करने में मदद करता है। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी जरूरी है ताकि शरीर अच्छी तरह से काम कर सके। सही आहार से आपकी सेहत बेहतर होती है और पीठ दर्द में भी राहत मिलती है।

# निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करने के दिए निर्देश

## *कुबेरेश्वर धाम क्षेत्र में खाद्य सामग्रियों की करें निरंतर जांच : कलेक्टर बालागुरू के.*
## *कलेक्टर ने कथा के दौरान यातायात के सुगम संचालन के दिए निर्देश*



सीहोर,( निप्र) कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से 03 मार्च 2025 तक महाशिवरात्रि पर्व पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में

देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस कथा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के., डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने संपूर्ण कथा स्थल का भ्रमण कर कथा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि कथा की व्यवस्थाओं के लिए जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वह सभी अपनी ड्यूटी पूरी गंभीरता से करें। इसके साथ ही जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह सभी समय से पहले अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँच कर अपने दायित्वों को भली-भांति समझ लें। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ओमप्रकाश त्रिपाठी तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने पुलिस के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के ने कथा के दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए परिवर्तित मार्गों एवं वैकल्पिक मार्गों की जानकारी के लिए पोस्टर बैनर के माध्यम से नागरिकों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने इंदौर-भोपाल आने जाने वाले वाहनों को 24 फरवरी की सुबह से ही डाइवर्ट करने के निर्देश दिए ताकि यातायात का सुगम संचालन हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुबेरेश्वर धाम स्थित दुकानों में विक्रय होने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों की निरंतर जांच की जाए तथा मिलावट या अमानक पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए जो भोजन बनाया जाएगा, उसकी खाद्य एवं औषधि निरीक्षक द्वारा समय समय पर जाँच की जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस आयोजन कि दौरान पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत सप्लाई निर्बाध रूप से संचालित रहे। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कहीं कोई व्यवधान उत्पन्न हो तो उसकी तुरंत मरम्मत की जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था पहले से हो। उन्होंने निर्देश दिए आयोजन के दौरान सफाई व्यवस्था निरंतर चलती रहे ताकि स्वच्छता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत, विठ्लेश सेवा समिति के समीर शुक्ला सहित पुलिस एवं प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पार्किंग स्थलों का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. ने निरीक्षण के दौरान कुबेरेश्वर धाम क्षेत्र में बनाए गए पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य मार्ग के पास खेतों में बनाए गए पार्किंग स्थलों में सुगमता से वाहनों के आने जाने के लिए बनाए गए रैंप का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की अत्यंत भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए शहर के मुख्य स्थल जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य पहुँच मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 149वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई




सीहोर (निप्र)। रविवार को स्थानीय इंदौर नाका घाट पर शिरोमणि संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती बड़े ही सोहार्द पूर्ण तरीके से मनाई गई। सर्वप्रथम रजक समाज बंधुओ, कार्यकर्ताओं, एवं एबीडीएम युवा सीहोर समिति सदस्यों ने गाडगे बाबा को श्रद्धा के फूल अर्पित किए। इस अवसर पर पधारे पूर्व पार्षद मांगीलाल मालवीय, बिहारीलाल मालवीय, ओमप्रकाश वर्मा, दिलीप रजक, धर्मेन्द्र मालवीय, मुकेश पटेल, विशाल मालवीय, सुभाष मालवीय, राकेश, पिन्टु, निच्छे, अरविन्द रजत, राजु सोलंकी, राधेश्याम मालवीय ने बाबा के चित्र पर तिलक कर दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष एबीडीएम धर्मेन्द्र मालवीय ने गाडगे महाराज की 149 वी जयंती कार्यक्रम आयोजन करने पर एबीडीएम सीहोर के सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अंत में एबीडीएम धर्मेन्द्र मालवीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं गाडगे महाराज की जयंती की सभी को शुभकामनाऐं दी।

## *डॉ. जैन राष्ट्रीय सोयाबीन ग्रुप मीट में हुए सम्मानित*

*सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान प्रोजेक्ट में पदस्त मुख्य वैज्ञानिक मृदा विज्ञान एवं माइक्रोबायोलॉजी पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित 55 वी राष्ट्रीय ग्रुप मीट में उनके कृषि अनुसंधान ,शिक्षा और प्रसार के क्षेत्र अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अस्सिटेंट डायरेक्टर जनरल डॉ. संजीव गुप्ता ,नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोयाबीन के निदेशक डॉ. के एच. सिंह और राष्ट्रीय मंच ने उन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए साल श्रीफल और उपलब्धियों के मेडल भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक बधाईयां मंगल शुभ कामनाएं दीं ।*

### संडे का सुकून टीम ने शहर को एक मोक्ष वाहन किया समर्पित

सीहोर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के सीहोर शहर के हित में लगातार कार्य करने वाली टीम 'संडे का सुकून' सीहोर बहुत सालों से शहर में अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग अच्छे कार्य कर रही है। इस टीम द्वारा आज रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि लोक स्वस्थ एवं परिवार कल्याण विभाग मध्य प्रदेश के संचालक एवं सीहोर के पूर्व कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सीहोर के ब्लू स्टार होटल में पहुंचकर रिबन काटकर सीहोर शहर को टीम संडे की सुकून के माध्यम से एक मोक्ष वहां प्रदान किया।

# ग्राम जानपुर बावडिया़ हाई स्कूल बना शादी हॉल,मृत्युभोज सहित अन्य कार्यक्रमों का स्थल



सीहोर, (निप्र) ग्राम जानपुर बावडिया़ हाई स्कूल परिसर में आये दिन अन्यन्त्र कार्यक्रम होते रहते हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। जिसकी पालकों ने 181 पर भी शिकायत की एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी शिकायत पत्र प्रेषित किया गया परन्तु कोई कार्यवाही नही हो सकी है। वर्तमान में बच्चों परीक्षा चल रही है, परन्तु शिक्षा विभाग का इस ओर कोई ध्यान नही है। जिसका जीता जागता उदाहरण आज दिनांक 24 फरवरी को भी हाई स्कूल जानपुर बावडिया़ जाकर देखा जा सकता है।

### प्रधानमंत्री 24 फरवरी को अंतरित करेंगे किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त

सीहोर, (निप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वी किस्त किसानों के खाते में अंतरित करेंगे। इस दिवस को किसान सम्मान समारोह दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, किसान एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इस अवसर प्रधानमंत्री के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामों में नियुक्त किए गए विलेज नोडल ऑफिसरों द्वारा हितग्राहियों को किश्त के लिए ई-केवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएमकिसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में आम नागरिक वीडियो कॉन्फ्रेंस लिक https://pmindiawebcast.nic.in के माध्यम से जुड़ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल 06 हजार रूपये की राशि किसानों को तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

# गरीबों के लिए मददगार साबित हो रही सरकार की निशुल्क राशन योजनाएं



सीहोर, (निप्र) । प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के सुखद भविष्य के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं से प्रदेश के लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इन्हीं जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना भी शामिल है। इस योजना के तहत गरीब परिवारों को सरकार द्वारा निशुल्क राशन दिया जा रहा है। सीहोर जिले के ग्राम जहांगीरपुरा निवासी अनिल भी उन हितग्राहियों में से एक हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत निशुल्क राशन मिल रहा है।

अनिल कहते हैं, कि मजदूरी से होने वाली आमदनी इतनी नही हो पाती थी, कि परिवार का भरण-पोषण ठीक से हो सके। लेकिन जब से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना लागू हुई हैं, इससे मुझे मेरे परिवार के भरण-पोषण में बहुत सहयोग मिला है। अनिल कहते हैं कि पहले मुझे हर महीने राशन खरीदने के लिए पैसे जुटाने पड़ते थे तथा इसके साथ ही बच्चों की पढ़ाई और घर के बाकी खर्च पूरे करना मुश्किल हो जाता था, पर इस योजना के तहत अब परिवार के भरण-पोषण के लिए हर महीने निशुल्क गेंहू, चावल एवं अन्य जरूरी सामान मिल जाता है, जो परिवार के लिए बहुत सहयोगी है। केंद्र एवं राज्य सरकार की इन दोनों योजनाओं के कारण अनिल जैसे लाखों परिवारों को निशुल्क राशन मिल रहा है, जिससे गरीबों परिवारों की आमदनी तो बच ही रही है बल्कि गरीब परिवारों का भविष्य भी संवर रहा है।

## समाजजनों ने संत गाडगे महाराज की 149 वीं जन्म जयंती मनाई

सीहोर, ( निप्र) । रजक धोबी समाज समिति के लोगों ने रविवार को कस्बा क्षेत्र में स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में इमरत लाल मालवीय ने बताया कि स्वच्छता के जनक



राष्ट्रीय संत श्री गाडगे बाबा की 148वीं जयंती का आयोजन किया गया। कस्बा स्थित बालाजी डेयरी पर आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुआत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वल कर की गई। श्री मालवीय ने बताया कि संत गाडगे महाराज ने अपने जीवन काल में धर्मशालाएं और स्कूल खोलकर सर्व समाज में शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने समाज हित में किए गए विभिन्न कार्यों को याद करते हुए प्रेरणा लेने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान राकेश मालवीय, श्याम मालवीय, गिरधारी लाल मालवीय ने भी संत गाडगे महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा की समाज की समाज को अगर आगे बढ़ना है तो सभी को जागरूक होना होगा। संत गाडगे महाराज के विचारों और आदर्शों को हमें अपनाना होगा। तभी हम को आगे बढ़ा सकते है। आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान इमरत लाल मालवीय, राकेश मालवीय, श्याम मालवीय, गिरधारी मालवीय, संदीप मालवीय, सोनू मालवीय, अभिषेक मालवीय, आदर्श मालवीय आदि उपस्थित थे।

# अंबेडकर उपवन का किया जाएगा सौंदर्यकरण, नौ लाख की सौगात



सीहोर, ( निप्र) । शहर को सुंदर और व्यवस्थित तरीके से महानगर के रूप में विकसित करने के लिए नगर पालिका के द्वारा अनेक पार्क और उपवन का निर्माण किया जा रहा है। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के सानिध्य में दोपहर को नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के बीएसएनएल ऑफिस के सामने विसर्जन घाट के पास में संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को समर्पित अंबेडकर उपवन का भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर करीब नौ लाख की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा। नपा ने सारी प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। अब जल्द ही वहां निर्माण-कार्य प्रारंभ भी हो जाएगा।इस मौके पर नगर पालिका के अधिकारी ने बताया कि शहर के अनेक स्थान रिक्त होने के अतिक्रमण के चपेट में आ रहे है। इनको कब्जा मुक्त करने के लिए और शहरवासियों को सुकून देने के लिए नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा प्रयास किए जा रहे है। जिसके कारण इस उपवन का यह हिस्सा अब तक बेकार साबित हो रहा था। यहां भी उपवन का निर्माण किए जाने के बाद इस बेकार पड़े हिस्से का उपयोग हो पाएगा। शहरवासियों को भी प्रकृति से जुड़ा मनमोहक नजारे का एक और स्थल मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि अंबेडकर उपवन का भूमि पूजन के पश्चात इसमें प्रकाश व्यवस्था के साथ पौधारोपण और बाउंड्री आदि का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने कहाकि की शहर को विकसित करने की जिम्मेदारी शहरवासियों को भी है। हमारे शहर किस तरह से स्वच्छ रहे इसका प्रयास किया जाना जरूरी है।

### बीएसआई मैदान पर कारपोरेट चैम्पियनशिप में पहुंचे पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

#### सनराइज लालघाटी ने टीचर इलेवन को और रिक्की रायल ने एडवोकेट इलेवन को हराया

सीहोर, ( निप्र) । शहर के वरिष्ठ क्रिकेटर स्व. संतोष पांडे कप्तान की स्मृति में शहर के बीएसआई मैदान पर कारपोरेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा। इस मौके पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने




खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीएसआई का मैदान खिलाड़ियों के लिए आदर्श है और हमारे शहर में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जब भी इनको मौका मिलता है, हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी शहर को नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते है। उन्होंने स्वर्गीय पांडे को श्रद्धासुमन अर्पित किए। रविवार को दो मुकाबले खेले गए थे। इसमें पहला मुकाबला सनराइज लालघाटी ने टीचर इलेवन को छह विकेट से हराया। इसके अलावा दूसरा मैच रिक्की रायल ने एडवोकेट इलेवन को 22 रन से हराया। मुख्य अतिथि का स्वागत मैदान पर मौजूद वरिष्ठ खिलाड़ी आशीष शर्मा, हेमंत केसरिया, अतुल कुशवाहा, चेतन मेवाड़ा, मनोज दीक्षित मामा, विनित पांडे, संजय पटेल, अता उल्ला खान, गौरव खरे, राकेश धनगर आदि ने किया। रविवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीचर इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में 110 रन बनाए थे। इसमें विजय वर्मा ने 45 रन, अजय ने 16 रन की पारी खेली।

# कुबेरेश्वरधाम पर रुद्राक्ष महोत्सव के दो दिन पहले ही बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

## दिन-रात श्रद्धालुओं को 20 क्विंटल निशुल्क रूप से किया जाएगा पोहे-नाश्ते का वितरण
## 25 एकड़ से अधिक स्थान पर कथा के भव्य पंडाल और 11 एकड़ से अधिक में भोजनशाला

सीहोर, (निप्र) । जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी 25 फरवरी से होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव का आयोजन हर साल की तरह इस साल पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में किया जा रहा है। विठलेश सेवा समिति, जिला प्रशासन, ग्रामीण और शहरी समाजसेवियों के अलावा जनप्रतिनिधियों के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की है।

यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था के लिए गुरुदेव की प्रेरणा से महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों से करीब 2000 हजार से अधिक सेवादार व्यवस्था के लिए आए है। इसके अलावा पुलिस प्रशासन के द्वारा तीन हजार से अधिक पुलिस का बल महोत्सव में अपनी सेवा देने के लिए तत्पर है। पुलिस के जवानों के अलावा एक दर्जन से अधिक विभागों के आला अधिकारियों के अलावा कर्मचारियों को कुंभ की तर्ज पर व्यवस्था की गई है। गत दिनों शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के समाजसेवी संगठनों, संस्थाओं के अलावा जनप्रतिनिधियों ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के सत्कार आदि की व्यवस्था करने की बात कही थी, उसी के हिसाब से शहरी क्षेत्र में भोजन के स्टाल लगाए जाऐंगे। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में सेवा देने के लिए सेवादार, रसोई बनाने वाले आ गए है। कथा मंगलवार से होने वाली है, लेकिन रविवार से ही बड़ी संख्या में पंडाल में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं के लिए समिति की नगर इकाई के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है।



### आधुनिक रसोई के अलावा करीब 11 एकड़ में अन्य भोजनशाला का किया निर्माण

यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को नियमित रूप से भोजन प्रसादी के अलावा पेयजल के लिए समिति की ओर से आधुनिक रसोईघर के अलावा कथा पंडाल के पीछे भी करीब 11 एकड़ में अनेक पंडाल लगाकर लाखों श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। रविवार को भी हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।

जिला प्रशासन, विठलेश सेवा समिति ग्रामीण इकाई और नगर इकाई के अलावा सभी सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आगामी रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियां पूरी की जा रही है। रविवार को धाम पर करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालु को विठलेश सेवा समिति के सेवादारों के द्वारा दाला-चावल, रोटी और हलवा, मिक्चर और नुक्ती आदि की प्रसादी का वितरण समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा आदि ने किया।

### आधुनिक रोशनी से सराबोर रहेगा कुबेरेश्वरधाम

यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हाई वे के अलावा भटोनी, नापली जोड से लेकर कथा स्थल तक एक दर्जन से अधिक गेट 40-40 फीट के आधुनिक लाइट से सराबोर रहेंगें और दो गेट 12-12 फीट के चलित लाइट से जगमगाएंगे। इसके लिए बंगाल के लाइट के इवेंट कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। समिति के पंडित श्री शुक्ला ने बताया कि डिजाइनर लाइटों पर उभरेंगी देवी-देवताओं की आकृतियां, श्रद्धालुओं को होगा आध्यात्म और सौंदर्य का दिव्य अनुभव, क्षेत्र में बने और बनने वाले छोटे-बड़े सभी गेट आधुनिक रंगीन फसाड फोकस लाइटों से जगमगाएंगे। इसके लिए विद्युत वितरण कंपनी, विठलेश सेवा समिति और बंगाल के कलाकारों के द्वारा मंदिर परिसर के करीब 60 एकड़ क्षेत्र को शाम के समय खास लुक देने के लिए आधुनिक प्रकाश व्यवस्था है, परिसर में बोलार्ड लाइट, एलईडी स्टिंग लाइट, सोलर डेकोरेटिव लाइट और एलईडी रोप लाइट भी यहां लगाई गई है, महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रकाश की पूरी व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में जिला प्रशासन क्षेत्र में 24 घंटे निरंतर बिजली की पूर्ति के अलावा सभी मार्गों पर प्रकाश की व्यवस्था की गई है। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को समिति के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। रुद्राक्ष महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार से किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रतिदिन सुबह शिवलिंग का अभिषेक, दोपहर में कथा और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

# इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**
के दूरदर्शी नेतृत्व में

देश का हृदय प्रदेश लिख रहा
विकास की नई गाथा

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## उद्घाटन

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



CII Confederation of Indian Industry

**24 फरवरी, 2025 | प्रात: 10:00**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल**

EY Shape the future with confidence

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

www.investmp.in

D-11195/24